RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 ऐश्वर्या ने दी आर्जीज पर प्रतिक्रिया...

वर्ष : 25 | अंक : 345 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 12 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# राजस्थान में भी चौंकाने वाला नाम!

## नए सीएम के नाम पर विधायकों की चुप्पी, राजनाथ सिंह पहुंचे जयपुर

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में नए मुख्यमंत्री की घोषणा को लेकर आज सुबह से ही राज्य की राजधानी जयपुर में हलचल है। आज शाम नए मुख्यमंत्री का नाम घोषित किया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की तरह ही राजस्थान में नए मुख्यमंत्री का नाम चौंकाने वाला होगा। विधायक दल की बैठक के लिए विधानसभा चुनाव में विजयी विधायकों का पार्टी कार्यालय पहुंचना शुरू हो गया था, लेकिन कोई भी विधायक नए सीएम के नाम पर कुछ भी कहने को तैयार नहीं था। उधर राजस्थान के पर्यवेक्षक बनाए गए केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जयपुर पहुंच चुके हैं।

राजस्थान में नए सीएम के चयन के लिए आज शाम चार विधायक दल की बैठक होगी। दोपहर 1:30 बजे से बीजेपी के सभी नव-निर्वाचित विधायकों का रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। भाजपा विधायक दल की बैठक शाम 4 बजे प्रदेश कार्यालय में होगी। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा ने सीएम का एलान कर दिया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)



### मोहन यादव और विष्णुदेव साय कल लेंगे शपथ

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए मोहन यादव बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में दोपहर 12 बजे यह कार्यक्रम होगा। इसके लिए तेजी से तैयारी की जा रही है। बता दें कि सीएम के साथ दो डिप्टी सीएम और मंत्री भी शपथ लेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी आज सुबह ही लाल परेड ग्राउंड में पहुंचकर तैयारियों में जुट गए थे। (शेष पृष्ठ-3 पर)





### मैं सीएम पद की रेस में नहीं : सीपी जोशी

राजस्थान बीजेपी प्रमुख सीपी जोशी ने विधायक दल की बैठक को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि शाम 5 बजे के बाद सीएम पद को लेकर सब कुछ साफ हो जाएगा और मैं इस रेस में नहीं हूं। उन्होंने कहा कि शक्ति प्रदर्शन से कुछ नहीं होगा। पार्टी नेतृत्व जिसका नाम चुनेगी उसे सभी विधायकों का समर्थन प्राप्त होगा।

### अर्जुन राम मेघवाल का नाम भी

राजस्थान के नये सीएम के नाम को लेकर विधायक दल की आज जयुपर में बैठक हो रही है। इस बीच कुछ ऐसा हुआ है जिसके बाद अर्जुन राम मेघवाल का नाम भी चर्चा में आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अर्जुन राम मेघवाल के घर की सुरक्षा बढ़ाई गई है और उनके घर में काफी हलचल है। अब यह ध्यान भटकाने का तरीका है या कुछ और यह शाम को पता चलेगा।

# महागुन सोसायटी की 21वीं मंजिल से गिरकर महिला मरी

## ठेकेदार ने सुरक्षा मानकों का नहीं किया था पालन

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-126 स्थित निर्माणाधीन महागुन सोसायटी की 21वीं मंजिल से गिरकर महिला मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। निर्माणाधीन स्थल पर ठेकेदार की तरफ से सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया था जिसको लेकर मजदूर में खासा रोष व्याप्त है।



मूल रूप से ग्राम इमलिया कला थाना नाराहट जनपद ललितपुर निवासी अजुद्दीन अपनी पत्नी बबीता के साथ मेहनत मजदूरी कर परिवार का पेट पाल रहा है। सोमवार को अजुद्दीन अपनी पत्नी बबीता के साथ सेक्टर-126 स्थित निर्माणाधीन महागुन सोसायटी की 21वीं मंजिल पर काम कर रहा था। काम करने के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने की वजह से (32 वर्षीय) बबीता 21वीं मंजिल से नीचे आ गिरी। बबीता के ऊंचाई से गिरने पर कार्य स्थल पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में साथी मजदूर बबीता को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों में उसे मृत घोषित कर दिया। बबीता की मौत के बाद मजदूरों में रोष व्याप्त हो गया। मजदूरों का आरोप था कि कार्यस्थल पर ठेकेदार द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। मजदूरों की सुरक्षा के लिए कोई भी सुरक्षा उपाय नहीं अपनाए जा रहे हैं। ठेकेदार की लापरवाही की वजह से ही हुए हादसे में बबीता को अपनी जान गंवानी पड़ी है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# किसानों को प्राधिकरण में वार्ता के लिए बुलाया, धरनास्थल पर किया हवन



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान परिषद के बैनर तले ग्रामीणों का धरना सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय पर आज दूसरा दिन भी जारी रहा। किसानों के उग्र रूप को देखते हुए उन्हें आज वार्ता के लिए बुलाया गया है।



परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने बताया कि आज सुबह एक बार फिर किसान सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए। किसानों ने हवन पूजन कर धरने की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि एसीपी रजनीश वर्मा द्वारा उन्हें नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से वार्ता करने के लिए बुलाया गया है। दोपहर बाद किसानों के प्रतिनिधिमंडल की बैठक नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के साथ होगी।

सुखबीर खलीफा ने कहा कि किसान पिछले काफी समय से 10 प्रतिशत आबादी के भूखंड, 64.7 प्रतिशत मुआवजा देने सहित कई मांगों को पूरा करने की आवाज उठा रहे हैं। इन मांगों को लेकर किसान पूर्व में भी कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन देकर धरना खत्म कर दिया जाता था। नोएडा प्राधिकरण के अलावा जनप्रतिनिधियों ने भी किसानों से लगातार झूठे वादे कर उन्हें गुमराह करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि किसानों की मांगे जब तक पूरी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। सुखबीर खलीफा ने कहा कि अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो नोएडा प्राधिकरण पर स्थाई रूप से तालाबंदी कर विरोध जताया जाएगा। धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बुजुर्ग मौजूद थे।

# फांसी के फंदे पर लटकी मिली विवाहिता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जेवर क्षेत्र के ग्राम जफरगढ़ में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अलीगढ़ के खैर निवासी (23 वर्षीय) राधा का 2 वर्ष पूर्व जफरगढ़ गांव निवासी पवन के साथ विवाह हुआ था। सोमवार को राधा के परिजन उसकी ससुराल आए थे। राधा से मिलने के पश्चात वह वापस लौट गए। शाम के समय राधा अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। राधा की मौत की जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी उसके ससुराल पहुंच गए। इस दौरान परिजनों ने थाना जेवर पुलिस को राधा की मौत की सूचना दी। राधा के परिजनों का आरोप था कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सिटी पार्क की ग्रीन बेल्ट में युवक ने की आत्महत्या

## नोएडा में तीन युवकों ने दी अपनी जान

**नोएडा (चेतना मंच)।** पारिवारिक कलह व आर्थिक परेशानी से हताश होकर तीन युवकों ने आत्महत्या का रास्ता चुन लिया। युवकों ने अलग-अलग स्थान पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। तीनों के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं।



थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-93 स्थित सिटी पार्क में सोमवार की शाम एक पेड़ पर युवक का शव लटका देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। मृतक की पहचान (30 वर्षीय) रामविलास निवासी हरदोई के रूप में हुई। रामविलास सेक्टर-119 में अपने परिवार के साथ रह रहा था और ग्रीन बेल्ट में माली का काम करता था। रामविलास सोमवार की सुबह से ही घर से निकल आया था देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश की तो पता चला कि उसने सिटी पार्क में फांसी लगा ली है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह का मामला सामने आया है।

थाना बिसरख क्षेत्र के निराला स्टेट सोसाइटी में किराए पर रहने वाले एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मूल रूप से बुलंदशहर निवासी लव कुश अपने कुछ साथियों के साथ निराला स्टेट सोसाइटी में किराए पर रह रहा था। सोमवार की शाम को जब उसके साथी कमरे पर पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना बिसरख पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि लवकुश एक मार्ट में बुक काउंटर पर काम करता था और पिछले कुछ महीनो से परेशान चल रहा था। प्रारंभिक जांच में आर्थिक परेशानी (शेष-3 पर)

# 15 दिसंबर को रोजगार मेला

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आगामी 15 दिसंबर को लॉयड इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 15 दिसंबर 2023 को जिला सेवायोजन कार्यालय गौतम बुद्ध नगर द्वारा प्रातः 10.00 बजे से लॉयड इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्लॉट नंबर 3 नॉलेज पार्क 2 ग्रेटर नोएडा में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सघन अभियान चलाकर विद्युत बकायदारों से करें वसूली : वर्मा

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विद्युत बकायेदारों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर बकाया राजस्व की वसूली की जाए।

जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आरडीएस योजना के तहत जनपद में जो भी विद्युत कार्य कराए जा रहे हैं वह सभी कार्य जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाते हुए निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। जो भी विद्युत कार्य कराए जा रहे हैं उनकी निरंतर मॉनिटर करें। साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों की भी एक कमेटी गठित कर दी जाए, ताकि उनके द्वारा भी विद्युत कार्यों का समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण किया जा सके।



जिलाधिकारी ने विद्युत देय के लक्ष्यों के सापेक्ष राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान चला कर विद्युत उपभोक्ताओं को एक मुश्त समाधान योजना के संबंध में जागरूक बनाएं और उनके विद्युत बिलों का एक मुश्त समाधान योजना के माध्यम से जमा करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति ने दम तोड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर बीते दिनों सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी देवेंद्र शंकर पांडे ने बताया कि करीब 5 दिन पूर्व ईस्टर्न पेरिफेरल पर एक व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस ने उक्त व्यक्ति को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान बीती शाम उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद से ही उक्त व्यक्ति लगातार बेहोशी की हालत में था उसके पास से कोई ऐसे कागजात भी नहीं मिले जिससे उसकी पहचान हो सके। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थाना क्षेत्र के पुलिस को अज्ञात व्यक्ति की मौत की सूचना दी गई है।

# पुलिस के गले नहीं उतर रही गोली लगने की घटना

**नोएडा (चेतना मंच)।** सर्फाबाद गांव में युवक को गोली लगने की घटना को पुलिस पूरी तरह संदिग्ध मानकर चल रही है। आशंका जताई जा रही है कि किसी अपने परिचित द्वारा चलाई गई गोली से ही युवक घायल हुआ है। पुलिस का शक इसलिए भी गहरा आ रहा है कि पीड़ित युवक और उसके परिजनों ने घटना के बाद भी कोई तहरीर नहीं दी है और ना ही पुलिस जांच में सहयोग कर रहे हैं। थाना सेक्टर-113 प्रभारी सर्वेश कुमार ने बताया कि सोमवार दोपहर को सेक्टर-50 स्थित नियो अस्पताल से सूचना मिली कि गोली लगने से घायल एक युवक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती हुआ है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कैलाश हॉस्पीटल से होते हुए ग्रेनो वेस्ट तक जाएगी एक्वा मेट्रो

## डीपीआर में हुआ आंशिक संशोधनः डा. लोकेश एम

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के रूट में बदलाव किया गया है। अब यह लाइन सेक्टर-51 से सेक्टर-61, सेक्टर-71 कैलाश हॉस्पीटल के सामने से होते हुए ग्रेनो वेस्ट तक जाएगी। इस बात की जानकारी नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) के प्रबंध निदेशक डा. लोकेश एम ने दी है।

उन्होंने बताया कि मेट्रो रूट के एलाइनमेंट में आंशिक बदलाव किया गया है। पहले यह रूट सेक्टर-51 से सीधे सेक्टर-72, बाबा बालकनाथ मंदिर के सामने होते हुए पर्थला से सीधे किसान चौक तक जानी थी। अब सेक्टर-51 से सेक्टर-61, सेक्टर-71



कैलाश अस्पताल के सामने होते हुए ग्रेनो वेस्ट तक जाएगी।

एनएमआरसी के एमडी डॉ लोकेश एम ने बताया कि मेट्रो रूट के अलाइनमेंट में थोड़ा बदलाव किया जाएगा। इस बदलाव से ब्लू लाइन से दिल्ली आने वाले लोग आसानी से एक्वा लाइन में आ-जा सकेंगे।

दोनों लाइनों को जोड़ने के लिए कॉमन प्लेटफार्म बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी भी ब्लू लाइन के सेक्टर-52 और एक्वा लाइन के सेक्टर-51 को जोड़ने के लिए ट्रेवलर युक्त एफओबी बनवाया जा रहा है। उसका काम भी तेजी से चल रहा है। लेकिन नए रूट से दोनों लाइनों को जोड़ने का स्थाई समाधान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 तक मेट्रो चलाई जाएगी। पहले चरण में ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-2 तक मेट्रो ले जाई जाएगी।

# सपा नेता प्रधान भरत यादव की माताजी का निधन

**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नोएडा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष प्रधान भरत यादव की माता जी का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर सपा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। सपा नेता प्रधान भरत यादव की वयोवृद्ध (85 वर्षीय) माता जी श्रीमती शांति देवी की तबीयत खराब होने पर उन्हें विगत दिनों नियो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान हार्ट अटैक की वजह से श्रीमती शांति देवी का निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलने पर सपा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, स्वयंसेवी व समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके पैतृक गांव गढ़ी चौखंडी स्थित आवास पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी यादव अपने पीछे पुत्र भरत यादव, कुंवर यादव व पोते पोतियों से भरा पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। बता दें कि स्वर्गीय शांति यादव कई दशकों तक चौखंडी गांव के प्रधान रहे रघुवर सिंह प्रधान की धर्मपत्नी थी। क्षेत्र में शिक्षा की अलग जगाने वाले रघुवर सिंह प्रधान द्वारा स्थापित किए गए नोएडा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की वह फाउंडर मेंबर भी थी। उनके बड़े पुत्र प्रधान भरत यादव सपा के वरिष्ठ नेता हैं।



# राज्य का हित

एक साल की सरकार ने अपनी उपलब्धियों की जमीन पर सत्ता हस्तांतरण की प्रासंगिकता साबित करने की हरसंभव कोशिश कर दी। धर्मशाला में सुक्खू सरकार बहुत कुछ अपने करीब खड़ा कर पाई, जबकि विपक्षी भाजपा की असलियत में प्रदेश हितों की अनदेखी का जिक्र हर वक्ता ने किया। मंच पर दर्द था, तो कहीं-कहीं वही नगाड़े लौट आए और धुनें बज उठीं, जो भाजपा से सत्ता छीन कर बजे थे। यह दीगर है कि जिस सत्ता ने कांग्रेस के चुनावी अभियान को प्रशस्त किया, उसके एक साल के जश्न में न प्रियंका गांधी दिखीं और न ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खडगे मौजूद रहे। सरकार के बगल में बैठे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला संवारते रहे और महफिल में कई चिराग जले। कुछ दिशाएं दिखीं, कुछ मजमून उभरे, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी ने परेशान किया है। इसलिए हिमाचल में आपदा के जिक्र ने भाजपा के आक्रोश को बौना कर दिया। जनता के साथ संबोधन की भाषा, सरलता और तरलता के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी गारंटियों के साथ कुछ कदम लिए, कुछ समय अवधि तय की, तो उन अड़चनों को साझा किया जिनको भाजपा बिसात मान कर खेलती रही। यानी प्रदेश ने आपदा की राहत में अपनी सारी संवेदना बिछाकर किसी तरह 45 सौ करोड़ बिछा दिए, लेकिन केंद्र हिमाचल की सिसकियों को नजरअंदाज करता रहा। धर्मशाला के जश्न में प्रदेश की वित्तीय स्थिति अपना दुखड़ा सुना गई, तो जयराम सरकार की आर्थिक कारगुजारी कहीं कपड़े धोती दिखाई दी। कर्ज की ओढ़नी के नीचे वर्तमान सरकार को पिछली सरकार की देनदारियां नसीब हुईं या इस बोझ के सदमे से जश्न की वजह बताई गई। जो भी हो, सरकार ने एक साल बाद सत्ता का कुनबा, संगठन का मलबा और गारंटियों का हलवा पुनः बांट दिया। सिलसिलेवार ढंग से यह बताने की कोशिश की गई कि गारंटियों के मायनों में सरकार के इरादे कितने स्पष्ट हैं और वर्तमान का सर्वश्रेष्ठ शीर्षासन सरकारी कर्मचारी के लिए किस तरह अमल में आया। सुक्खू सरकार सुखाश्रय से 680 करोड़ की स्टार्टअप योजना तक किस आशय व संवेदना से पहुंची है, इसे तसदीक करता जश्न आगामी साल के रथ पर सवार होकर तीन नई गारंटियों की मंजिल की ओर बढ़ गया, जहां किसान का दूध अब छह रुपए किलो की दर पर अतिरिक्त कमाई करेगा तथा गोबर की कमाई का धंधा भी मेहनत करेगा। लाहुल-स्पीति की महिलाओं को भाई सुखविंदर सुक्खू ने पंद्रह सौ रुपए की गारंटी दे दी तथा साठ साल से ऊपर महिला पेंशन योजना के कुल ग्यारह सौ की जगह पंद्रह सौ देने का करार यह जश्न कर गया। सुक्खू सरकार ने अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों के आविष्कार में अपनी गारंटी को कलई कर ली और साथ ही साथ अगले साल की अमानत में दर्ज रोजगार का सरकारी आंकड़ा बीस हजार गिन लिया। जाहिर है धर्मशाला का जश्न कई पांव पर चला। अगर एक साल की सरकार ने कुछ गारंटियों को अमल में लाने का बोझ ढोया, तो पांव के छाले भी गिने जाएंगे और आगे के सफर में गारंटियों के नए मील पत्थर भी उठाने पड़ेंगे। सरकार ने विपक्ष की भाषा और बोली में अपने वक्त की लड़ाई और संघर्ष का लेखाजोखा रखा। आपदा में हुई सियासत के लिए कान मरोड़े गए, तो पुलिस भर्ती घोटाले और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की पद्धति में ढूंढे गए सांपनाथों का जिक्र भी किया गया। व्यवस्था परिवर्तन के ऊंट किस बल बैठे, इसका तो जिक्र हुआ, लेकिन कांगड़ा में सत्ता के मरुस्थल पर कब हरियाली आएगी, इसका उल्लेख नहीं हुआ। जश्न की तालियों के बीच कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार मंडराता हुआ देखा गया, लेकिन समारोह स्थल के कुछ दूरी पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर का सन्नाटा नहीं टूटा। धर्मशाला के जश्न में सरकार ने अपना बहुत कुछ आगे किया। इस जश्न ने कई नेताओं को बहुत आगे किया, लेकिन जो पीछे छूट गए हैं वे क्या और पीछे हो जाएंगे, यह सभास्थल की हवाओं ने शरारत करते हुए जरूर पूछा। कांग्रेस के शपथपत्र से सुक्खू सरकार की उत्पत्ति हुई थी। अब सुक्खू सरकार के शपथपत्र से सरकार के अगले वर्ष की उत्पत्ति का चिराग तो जल गया, देखना यह है कि कितने अंधेरे दूर होते हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( भगवान ने कहा- ) हनुमान! तुम तो मेरा स्वभाव जानते ही हो। भरत के और मेरे बीच में कभी भी कोई अंतर ( भेद ) है? प्रभु के वचन सुनकर भरतजी ने उनके चरण पकड़ लिए ( और कहा- ) हे नाथ! हे शरणागत के दु:खों को हरने वाले! सुनिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0- नाथ न मोहि संदेह कछु सपनेहुँ सोक न मोह।**
**केवल कृपा तुम्हारिहि कृपानंद संदोह॥**

हे नाथ! न तो मुझे कुछ संदेह है और न स्वप्न में भी शोक और मोह है। हे कृपा और आनंद के समूह! यह केवल आपकी ही कृपा का फल है॥

**करउँ कृपानिधि एक ढिठाई। मैं सेवक तुम्ह जन सुखदाई॥**
**संतन्ह कै महिमा रघुराई। बहु बिधि बेद पुरानन्ह गाई॥**

तथापि हे कृपानिधान! मैं आप से एक धृष्टता करता हूँ। मैं सेवक हूँ और आप सेवक को सुख देने वाले हैं (इससे मेरी दृष्टता को क्षमा कीजिए और मेरे प्रश्न का उत्तर देकर सुख दीजिए)। हे रघुनाथजी वेद-पुराणों ने संतों की महिमा बहुत प्रकार से गाई है॥

**श्रीमुख तुम्ह पुनि कीन्हि बड़ाई। तिन्ह पर प्रभुहि प्रीति अधिकाई॥**
**सुना चहउँ प्रभु तिन्ह कर लच्छन। कृपासिंधु गुन ग्यान बिचच्छन॥**

आपने भी अपने श्रीमुख से उनकी बड़ाई की है और उन पर प्रभु (आप) का प्रेम भी बहुत है। हे प्रभो! मैं उनके लक्षण सुनना चाहता हूँ। आप कृपा के समुद्र हैं और गुण तथा ज्ञान में अत्यंत निपुण हैं॥

**संत असंत भेद बिलगाई। प्रनतपाल मोहि कहहु बुझाई॥**
**संतन्ह के लच्छन सुनु भ्राता। अगनित श्रुति पुरान बिख्याता॥**

हे शरणागत का पालन करने वाले! संत और असंत के भेद अलग-अलग करके मुझको समझाकर कहिए। (श्री रामजी ने कहा-) हे भाई! संतों के लक्षण (गुण) असंख्य हैं, जो वेद और पुराणों में प्रसिद्ध हैं॥

**संत असंतन्हि कै असि करनी। जिमि कुठार चंदन आचरनी॥**
**काटइ परसु मलय सुनु भाई। निज गुन देइ सुगंध बसाई॥**

संत और असंतों की करनी ऐसी है जैसे कुल्हाड़ी और चंदन का आचरण होता है। हे भाई! सुनो, कुल्हाड़ी चंदन को काटती है (क्योंकि उसका स्वभाव या काम ही वृक्षों को काटना है), किंतु चंदन अपने स्वभाववश अपना गुण देकर उसे (काटने वाली कुल्हाड़ी को) सुगंध से सुवासित कर देता है॥

(क्रमशः...)

# अदालती फैसले ने नेहरू और शेख को गलत साबित कर दिया

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के फैसले को उच्चतम न्यायालय ने सही ठहराया है। देखा जाये तो यह फैसला सिर्फ मोदी सरकार की बड़ी जीत नहीं है बल्कि इस फैसले के जरिये भाजपा ने विचारधारात्मक रूप से भी एक बड़ी राजनीतिक कामयाबी हासिल की है। हम आपको याद दिला दें कि जनसंघ के जमाने से ही भाजपा अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनाने और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने के प्रति संकल्पबद्ध रही है। जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नारा दिया था %एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं हो सकते।% उस नारे को हकीकत बनाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने कर दिखाया।

इसके अलावा अदालत का फैसला यह भी दर्शाता है कि अनुच्छेद 370 को लेकर नेहरू और शेख अब्दुल्ला ने गलत फैसले किये थे और प्रधानमंत्री मोदी ने सही फैसला किया है। अदालत का फैसला यह भी दर्शाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया। यदि देश की सर्वोच्च अदालत की ओर से दिये गये ऐतिहासिक फैसले को पढ़ेंगे तो स्पष्ट हो जायेगा कि कश्मीर को लेकर महाराजा हरि सिंह और श्यामा प्रसाद मुखर्जी सही थे तथा नेहरू और शेख अब्दुल्ला की नीतियाँ गलत थीं। उस समय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि यदि भारतीय संविधान देश के चार करोड़ मुसलमानों के लिए अच्छा है तो जम्मू-कश्मीर के 35 लाख मुसलमानों के लिए कैसे गलत हो सकता है? 370 को समाप्त हुए साढ़े चार साल हो गये और जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों ने इस दौरान विकास और तरक्की का जो नया दौर देखा हे उससे यह स्पष्ट हो गया है कि विशेष प्रावधान उनके जीवन में एक अवरोधक की तरह था। देखा जाये तो शेख और नेहरू की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के कारण भारतीय संविधान की मूल आत्मा के साथ छेड़खानी की गयी थी जिसके चलते दशकों तक जम्मू-कश्मीर के लोगों को अलगाववाद और आतंकवाद झेलना पड़ा।



***इसके अलावा अदालत का फैसला यह भी दर्शाता है कि अनुच्छेद 370 को लेकर नेहरू और शेख अब्दुल्ला ने गलत फैसले किये थे और प्रधानमंत्री मोदी ने सही फैसला किया है। अदालत का फैसला यह भी दर्शाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया।***

साथ ही, अनुच्छेद 370 मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए एकदम स्पष्ट कहा है कि संविधान का अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था और राष्ट्रपति के पास इसे रद्द करने की शक्ति है। इसलिए सवाल उठता है कि क्या निजी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ही कांग्रेस और उसके समर्थक दलों ने एक अस्थायी प्रावधान को 70 साल तक स्थायी बनाये रखा था? हम आपको बता दें कि संविधान के भाग XXI/21 में अनुच्छेद 370 है जिसका शीर्षक है- अस्थायी, संक्रमणकालीन और विशेष प्रावधान। इसमें कुल 36 आर्टिकल्स हैं। अनुच्छेद 370 के मार्जिनल नोट में स्पष्ट लिखा है- जम्मू कश्मीर के संबंध में अस्थायी प्रावधान। इसके अलावा विशेष शब्द आर्टिकल 371 के संबंध में जोड़ा गया था वह भी साल 1962 में। देखा जाये तो असली समस्या नेहरू और शेख के बीच हुआ राजनीतिक समझौता थी, जिसे 1952 का दिल्ली समझौता कहा जाता है। लेकिन यहां यह ध्यान रखने की जरूरत है कि यह कोई औपचारिक समझौता नहीं बल्कि दो राजनेताओं के बीच की सहमति थी। खास बात यह है कि इस सहमति का हस्ताक्षरित दस्तावेज़ आज तक उपलब्ध नहीं है।

बहरहाल, जहां तक विचारधारा के स्तर पर संघ परिवार की कामयाबी की बात है तो आपको बता दें कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने देश हित में तो तमाम कदम उठाये ही साथ ही अपने संगठन की मूल विचारधारा पर आधारित दो बड़े मुद्दों को हल करने के प्रति भी सजगता दिखाई। दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर अनुच्छेद 370 को हटा दिया और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख को अलग कर दो केंद्र शासित प्रदेशों का स्वरूप प्रदान कर दिया। इसके बाद उच्चतम न्यायालय की ओर से नवंबर 2019 में अयोध्या संबंधी विवाद का हल निकाले जाने के बाद 5 अगस्त 2021 को प्रधानमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए आधारशिला रख कर दूसरा संकल्प सिद्ध किया। अब 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी और इसी के साथ सैंकड़ों वर्षों से देखा जा रहा सपना पूरा होगा। देखा जाये तो विचारधारा के आधार पर संघ परिवार का एकमात्र बड़ा संकल्प 'समान नागरिक संहिता' को देश में लागू करना बचा हुआ है। भाजपा शासित राज्यों ने इस दिशा में कदम बढ़ाये हैं और केंद्रीय विधि आयोग भी इस मुद्दे पर देशवासियों की राय ले चुका है इसलिए कहा जा सकता है कि यह संकल्प भी जल्द ही सिद्ध होगा।

**-नीरज कुमार दुबे**

# राजस्थान में आखिर इतने दबाव में क्यों काम कर रही है भाजपा?

राजस्थान विधानसभा के चुनाव का परिणाम घोषित हुए दस दिन होने वाले हैं। उसके उपरांत भी अभी तक ना तो विधायक दल की बैठक बुलाई गई है ना ही नेता का नाम ही सामने आया है। जबकि 115 सीटें जीतकर भाजपा ने पूर्ण बहुमत प्राप्त कर लिया है। राजनीतिक हल्कों में चर्चा है कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा मुख्यमंत्री बनने के लिए की जा रही लॉबिंग के चलते विधायक दल का नया नेता चुनने की प्रक्रिया ठंडी पड़ी हुई है। वसुंधरा राजे दिल्ली जाकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर राजस्थान की राजनीति पर लंबी चर्चा कर चुकी हैं।

पिछले दिनों जयपुर में घटे एक घटनाक्रम ने भाजपा के बड़े नेताओं को चौंका दिया है। बारां जिले में किशनगंज से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक ललित मीणा के पिता हेमराज मीणा जो स्वयं पूर्व विधायक हैं, उन्होंने जयपुर में मीडिया को बताया कि उनके बेटे विधायक ललित मीणा सहित बारां, झालावाड़ जिलों के पांच विधायकों को जयपुर में सीकर रोड स्थित होटल आपनो राजस्थान में जबरन रखा गया है और उन्हें घर नहीं आने दिया जा रहा है। हेमराज मीणा ने भाजपा कार्यालय के सामने मीडिया को बताया कि जब मैं अपने विधायक बेटे ललित मीणा को लेने होटल गया तो वहां पर विधायक कंवरलाल मीणा ने जोर जबरदस्ती करते हुए कहा कि झालावाड़ के सांसद दुष्यंत सिंह के कहने पर ही हम उन्हें जाने देंगे। उसके बाद होटल आपनो राजस्थान में हेमराज मीणा ने पुलिस बुलाकर बखेड़ा खड़ा किया तब जाकर वह अपने पुत्र ललित मीणा को साथ लेकर आ सके।

होटल में विधायकों को रखने की बात हेमराज मीणा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, संगठन महासचिव चन्द्रशेखर, पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह को भी बताई। हालांकि विधायक कंवरलाल मीणा ने पूर्व विधायक हेमराज मीणा के आरोपी को झूठा बताते हुए कहा कि हम सब अपनी मर्जी से वहां रुके थे। हमें किसी ने जबरन नहीं ठहराया था। जब कुछ अनजान लोग आकर ललित मीणा को ले जाने लगे तो हमने उन्हें नहीं ले जाने दिया और जब हेमराज जी मीणा अपने पुत्र विधायक ललित मीणा को लेने आए तो उनके साथ भेज दिया था। जयपुर में हुई इस घटना से भाजपा आलाकमान के कान खड़े हो गए और उन्हें एहसास हो गया कि प्रदेश में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। अंदर खान कोई नया खेल करने के प्रयास में लगा हुआ है।

वसुंधरा राजे के दिल्ली से जयपुर लौटने के बाद करीब एक दर्जन विधायक उनसे मिलने पहुंचे। जिसे वसुंधरा गुट द्वारा अपने शक्ति प्रदर्शन के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। वसुंधरा गुट के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल का कहना है कि किसी अनुभवी नेता को ही मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए जो राजस्थान को अच्छे से संभाल सके। राजस्थान में भाजपा के पास वसुंधरा राजे से अधिक लोकप्रिय कोई चेहरा नहीं है।

वहीं राजनीतिक हलकों से निकल कर जो बातें आ रही हैं उससे लगता है कि भाजपा आलाकमान किसी भी स्थिति में वसुंधरा राजे को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाने के मूड में नहीं है। वसुंधरा राजे के लिए सबसे नकारात्मक बात उनका दो बार मुख्यमंत्री बनने के बाद, दोनों ही बार पार्टी का चुनाव हार जाना रही है। 2003 में वसुंधरा राजे 120 सीटों के बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनी थीं। मगर 2008 में पार्टी की सीट घटकर 78 रह गई थी। इसी तरह 2013 में वसुंधरा राजे 163 सीटों के बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनी थीं। मगर 2018 में भाजपा की सीट घटकर 73 ही रह गई थी।

पार्टी नेताओं का मानना है कि चुनाव के समय वसुंधरा राजे कांग्रेस सरकार की एंटी इनकमबेंसी के बल पर सरकार बना लेती हैं। मगर खुद के मुख्यमंत्री रहते भी उनकी सरकार के प्रति आमजन में भारी नाराजगी व्याप्त हो जाती है और उन्हें सत्ता से हटाना पड़ता है। इस बार पार्टी आलाकमान चाहता है कि ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया जाए जो पांच साल बाद फिर से सरकार रिपीट कर सके। मगर वसुंधरा राजे अपनी जिद पर अड़ी हुई हैं कि वह स्वयं के अलावा अन्य किसी को मुख्यमंत्री पद पर बैठने नहीं देना चाहती हैं।



***हालांकि वसुंधरा राजे के सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह पर पार्टी विधायकों के बाड़ाबंदी के आरोप लगने के बाद वसुंधरा राजे बैक फुट पर आ गई हैं। उन्होंने दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की तो उनके साथ उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह भी थे।***

हालांकि वसुंधरा राजे के सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह पर पार्टी विधायकों के बाड़ाबंदी के आरोप लगने के बाद वसुंधरा राजे बैक फुट पर आ गई हैं। उन्होंने दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की तो उनके साथ उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह भी थे। चर्चा है कि उन्होंने दुष्यंत सिंह के बाड़ेबंदी के आरोपों पर भी सफाई दी है। इधर भाजपा से विधायक बने चारों सांसदों डॉक्टर किरोडी लाल मीणा, दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ व बाबा बालकनाथ ने लोकसभा व राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है।

राजस्थान में भाजपा की सरकार गठन में अबकी बार जितना समय लग रहा है उतना पहले कभी नहीं लगा। इसलिए लोगों के मन में संशय पैदा हो रहा है। हालांकि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे को राजस्थान के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जो राजस्थान के विधायकों से मिलकर रायशुमारी कर विधायक दल की बैठक बुलाएंगे।

राजनाथ सिंह का राजस्थान में पर्यवेक्षक बनकर आना अपने आप में बहुत कुछ कहता है। राजनाथ सिंह भाजपा में सबसे हैवीवेट नेता माने जाते हैं। उनकी छवि ट्रबल शूटर की रही है। पार्टी के दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके राजनाथ सिंह हर तरह की स्थिति को संभालने में सक्षम हैं। इसीलिए उनको राजस्थान का पर्यवेक्षक बनाकर भेजना पड़ा है। वैसे भी राजनाथ सिंह राजस्थान विधानसभा के चुनाव में नरेंद्र मोदी, अमित शाह के बाद सबसे अधिक रैलियों को संबोधित करने वाले नेता थे। उनकी प्रदेश के सभी नेताओं से व्यक्तिगत संपर्क हैं।

वसुंधरा राजे ने भी राजनाथ सिंह के साथ लंबे समय तक काम किया है। इसलिए राजनाथ सिंह के पर्यवेक्षक बनने के बाद यह अनुमान लगाए जा रहे हैं कि उनको वसुंधरा राजे को अच्छे से हैंडल करना आता है। जिसे पार्टी ने मुख्यमंत्री बनाना तय किया है वही भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक दल का नेता चुना जाएगा। हो सकता है आने वाले समय में वसुंधरा राजे को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया जाए। फिलहाल तो वह पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनी हुई हैं। ऐसे में देखना होगा कि सरकार के गठन से पहले ही भाजपा में जो गुटबाजी पनपी है। उसे पार्टी मिटा पाती है या नहीं इसका पता तो आने वाले समय में ही चल पाएगा।

**-रमेश सर्राफ धमोरा**

# राशिफल

मार्गशीर्ष कृष्ण-अमावस्या | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम-संतान लगभग ठीक है। पीली वस्तु का दान करें और काली वस्तु पास रखें।

**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
स्वंय के स्वास्थ्य और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। नौकरी-चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है।

**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी । शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
मानसिक स्थिति थोड़ी-सी गड़बड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान मध्यम और व्यापार भी मध्यम दिख रहा है।

**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। घर में थोड़ी उत्पात बनी रहेगी। स्वास्थ्य ठीक-ठाक, लेकिन रक्तचाप अनियमित हो सकता है।

**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
अपनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यापारिक स्थिति थोड़ी-सी डिस्टर्बिंग होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
धन हानि के संकेत हैं। निवेश करने से बचें। कुटुम्बों से तू-तू,मैं-मैं की स्थिति है। जुबान पर नियंत्रम रखें।

**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
जीवन में उथल-पुथल मचा रहेगा। क्रोध पर काबू रखें, लेकिन बहुत भावुक भी मत होइएगा। यह भी एक प्रॉब्लम है।

**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। अज्ञात भय सताएगा। बच्चों से दूरी रहेगी।


**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
आय में आशातीत बढ़ोत्तरी होगी। फिर भी मन बुझा-बुझा-सा रहेगा। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम-संतान अच्छा है और व्यापार अच्छा है।

**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ है, लेकिन फिर भी नए व्यापार की शुरुआत ना करें। कोर्ट-कचहरी से बचें।

**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
मान हानि के संकेत है। यात्रा में कष्ट संभव है । पूजा-पाठ में मन नहीं लगेगा। स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार मध्यम दिख रहा है।

# सात महीने की बच्ची से हैवानियत करने वाला दरिंदा अब जिंदगीभर रहेगा जेल में

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में सात माह की बच्ची को उठाकर उसके साथ दरिंदगी करने वाले एक वहशी दरिंदें को नोएडा (गौतमबुद्धनगर) जिला न्यायालय ने जिंदगीभर के लिए कालकोठरी यानि जेल भेज दिया है। ग्रेटर नोएडा कोर्ट ने आरोपी युवक को आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये का अर्थदंड अदा करने की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भोगनी पड़ेगी।



आपको बता दें कि करीब 17 महीने पहले ग्रेटर नोएडा की दनकौर कोतवाली पर मनोज नामक के खिलाफ बच्ची से रेप किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसी मामले में ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्धनगर जनपद) के एडिशनल सेशन जज, स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट प्रथम विकास नागर की कोर्ट ने दोष सिद्ध हो जाने पर मनोज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता जेपी भाटी ने बताया कि 17 महीने पहले 9 जुलाई की शाम करीब साढ़े सात बजे सात महीने की बच्ची के परिजन दनकौर कोतवाली पहुंचे थे। उन्होंने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि गांव का रहने वाला मनोज घर पर आया। उस समय बच्ची अपने दादा के पास सो रही थी।

मनोज ने बच्ची को गोद में ले लिया और दादा को माचिस व पानी खरीदने के लिए दुकान पर भेज दिया। जैसे ही दादा वहां से गए, मनोज ने मौका पाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने पर परिजनों को मामले की जानकारी हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मनोज को गिरफ्तार किया।

जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोर्ट में केस ट्रायल पर शुरू हुआ। कुल 17 लोगों की गवाही इस केस में हुई। मेडिकल रिपोर्ट को केस में अहम साक्ष्य माना गया। घटना के दौरान बच्ची महज सात महीने की थी, इस वजह से वह मनोज को पहचान नहीं सकती थी। करीब 17 महीने तक कोर्ट में चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने मनोज को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# दोस्तों ने पहले की पार्टी फिर एक दोस्त को उतार दिया मौत के घाट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में एक सेल्समैन के साथ उसके दोस्तों ने ही दगाबाजी कर दी। मोबाइल की किस्त के पैसे मांगने पर दोस्त ही दोस्त का दुश्मन बन गया। दुश्मन बने दोस्त ने ग्रेटर नोएडा में पार्टी का आयोजन किया और सेल्समैन को बुलाया। तीनों चारों दोस्तों ने पहले पार्टी की और बाद में सेल्समैन की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव को नाले में फेंक दिया गया।

आपको बता दें कि 24 वर्षीय सुमंजय एक रिटेल स्टोर पर सेल्समैन था। सुमंजय मूल रुप से यूपी के एटा जनपद के गांव कंसूरी गांव का रहने वाला था और वर्तमान में अपने भाई धनंजय के साथ ग्रेटर नोएडा के गांव हैबतपुर में किराये के मकान पर रहता था। वह रविवार की रात अचानक से लापता हो गया था। सुमंजय के लापता होने पर बिसरख कोतवाली पुलिस से शिकायत की गई थी। जिसके बाद बिसरख पुलिस ने शक के आधार पर सुमंजय के दो दोस्तों को हिरासत में लिया गया तो दोस्तों ने सुमंजय की हत्या का सारा राज उगल दिया। सोमवार को दिनभर के सर्च आपरेशन के बाद गौर सिटी के नजदीक 17 फुट गहरे नाले से सुमंजय का शव बरामद कर लिया गया है।




जानकारी के अनुसार, सुमंजय ने अपने क्रेडिट कार्ड से दोस्त पुनीत को किस्त पर मोबाइल खरीदकर दिया था। जिसकी किस्त प्रतिमाह पुनीत ने देने का वादा किया था। तीन महीने से पुनीत सुमंजय को किस्त नहीं दे रहा था। सुमंजय बार-बार पेनल्टी व ब्याज लगने का हवाला देकर रुपयों की मांग करता था। आरोप है कि रविवार की रात किस्त मांगने पर पुनीत ने दो दोस्तों विवेक और अमन के साथ मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर पुनीत और विवेक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अमन फरार है।

ग्रेटर नोएडा के एसीपी रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि सोमवार सुबह धनंजय ने भाई सुमंजय के लापता होने की सूचना दी। रात को सुमंजय के घर नहीं लौटने से परिजन परेशान थे। आरोपी सुमंजय को साथ लेकर गए थे। पुलिस ने सीडीआर आदि की मदद से आरोपियों को हिरासत में लिया और पूछताछ की। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने सुमंजय के साथ पार्टी की। गौड़ सिटी सोसाइटी के पास नाले की पुलिया पर खड़े होकर रूमाल से गला दबाकर सुमंजय की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उसका शव नाले में फेंक दिया।

# ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल मैच कराने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान कर्टनी वॉल्श और पूर्व क्रिकेटर आर.पी. सिंह (सीनियर) ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार व एसीईओ मेधा रूपम से मुलाकात की।



ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के क्रिकेट ग्राउंड में बड़े स्तर के मैच के आयोजनों पर चर्चा की। आने वाले दिनों में बड़े स्तर के मैच कराने की योजना है। प्राधिकरण के सीईओ की तरफ से इन आयोजनों के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्राधिकरण के सीईओ ने क्रिकेट ग्राउंड और उपलब्ध सभी सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सीईओ से मीटिंग के दौरान आरपी सिंह के बेटे और अंडर-19 क्रिकेट टीम के सदस्य हैरी सिंह, बिग क्रिकेट लीग के सीएमओ अनिरुद्ध सिंह, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के प्रबंधक हरे कृष्णा भी शामिल रहे।

# हरा साग खाने वाले हो जाओ सतर्क, बिगाड़ देगा आपकी सेहत

## हिंडन के 'काले शुद्ध जल' में धोया जाता है पालक, मेथी व सरसों का साग

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** सर्दी का मौसम आते ही सब्जी मंडी में हरा साग- पालक, मेथी व सरसों का साग खूब बिकने लगता है। सेहत का खजाना कहे जाने वाले साग को खाने वाले शायद यह नहीं जानते कि उनकी सेहत के साथ कितना बड़ा खिलवाड़ किया जा रहा है।

दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई होने वाला हरा साग आपकी सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। यह सुनकर शायद आपको हैरानी होगी, लेकिन यह बिल्कुल सच है। सेहत का खजाना कहे जाने वाले हरे साग- मेथी, पालक, सरसों का साग को नोएडा-गाजियाबाद की सीमा पर बहने वाली हिंडन नदी के बेहद गंदे व कैमिकल से भरे पानी से धोया जा रहा है।



### हिंडन का पानी बेहद खतरनाक

आपको बता दें कि गाजियाबाद और नोएडा की सीमा पर बहने वाली हिंडन नदी का पानी इस्तेमाल के लिए बेहद खतरनाक है। हिंडन नदी के आसपास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कर लिया गया है। इन अवैध कालोनियों की गंदगी अब हिंडन नदी में गिरती है। वहीं हिंडन नदी में इंडस्ट्री का खतरनाक कैमिकल युक्त पानी भी गिरता है। जिस वजह से हिंडन नदी के पानी में खतरनाक कैमिकल मिला होता है। अब आप खुद सोच लीजिए कि इस कैमिकल युक्त पानी में धुलकर सेहत का खजाना हरा साग आपकी सेहत का दुश्मन न बन जाए।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

गाजियाबाद में हिंडन नदी के काले पानी में हरे साग को धोने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो को एक राहगीर ने बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड कर दिया है। वीडियो में साफदेखा जा सकता है कि दो ट्रैक्टर ट्राली में हरा साग भरा हुआ है। इस साग को चार से पांच लोग हिंडन के काले गंदे पानी में धोकर ट्रैक्टर ट्राली पर लाद रहे हैं। कुछ सैकेंड के इस वीडियो ने हरा साग खाने वाले लोगों के होश उड़ा दिये हैं।

### नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पवन अवाना पुत्र श्री जसवंत अवाना निवासी- मकान नंबर 354 ग्राम अटटा, सेक्टर -27 नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मैंने अपने बेटे का नाम डोरियन अवाना से बदलकर दिव्यांश अवाना रख लिया है। भविष्य में मेरे बेटे को दिव्यांश अवाना के नाम से जाना जाए।

# कालोनाइजरों ने 33 हजार केवी विद्युत लाइन के नीचे काटी अवैध कालोनी, प्रशासन बेखबर



**जेवर।** जेवर टप्पल मार्ग पर गांव गोपालगढ़ के समीप जेवर बांगर में तैंतीस हजार केवी की विधुत लाइन के तारों के नीचे कालोनाइजरों ने अवैध कालोनी कालौनी काटकर प्रशासन को खुली चुनौती दी है।

जेवर से टप्पल रोड़ पर पुराने पेट्रोल पंप से चंद कदम की दुरी पर तैंतीस हजार केवी विद्युत लाइन जा रही है जहा कालोनाइजरों ने करीब तीन बीघा भूमि किसान से खरीदकर जेवर टप्पल रोड़ से सटी भूमि पर अवैध कालोनी काटकर प्रशासन को खुली चुनौती दी है। बताते की जेवर में बनने जा रहे नेशनल एयरपोर्ट व फिल्म सिटी को लेकर जेवर में जमीनों के दाम आसमान छू रहे हैं। तो उधर कालोनाइजरों ने जेवर,जहांगीरपुर,रबूपुरा क्षेत्र में अवैध कालोनी काटकर उनको बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं मगर प्रशासन अनभिज्ञ बना हुआ है कालोनाइजरों ने तैंतीस हजार केवी विद्युत लाइन के तारों के नीचे कालौनी काटकर प्रशासन को सकते में डाल दिया है। सूत्रों की माने तो प्रशासन कालोनाइजरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के बजाये उनसे मोटी रकम वसूल कर रहा है लोगों ने अवैध रूप से काट रहे कालोनाइजरों की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

इस मामले में उपजिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह का कहना है की उक्त मामले मेरे संज्ञान में नहीं है जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें : बृजेश पाठक

## भारतीय युवा सभा के प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री से मिला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय युवा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय शर्मा ने अपनी टीम के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से उनके आवास में मुलाकात की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस मौके पर बृजेश पाठक ने कहा कि वे प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाये। क्योंकि युवा शक्ति इस कार्य को काफी तत्परता से कर सकती है। आने वाला समय युवाओं का है तथा लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें।

इस मौके पर भारतीय युवा सभा के प्रदेश महासचिव दिनेश यादव, भानु प्रताप सिंह, संतोष राम यादव, अनूप पांडे तथा डा. मोहन वर्मा आदि मौजूद थे।

### संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुकेश कुमार गोयल पुत्र श्री रतन लाल गोयल, निवासी -265, महाराजा अग्रसेन कालोनी, गैझा मार्ग, भंगेल, बेगमपुर, सालारपुर, महाऋषि नगर, नौएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला शान्तिप्रिय व्यक्ति हूँ। मेरा पुत्र आशीष कुमार व पुत्रवधु अंशू मेरे कहने में नहीं चलते है ,और मेरे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग व अमानवीय व्यवहार करते है। मैंने अपने पुत्र व उसकी पत्नी को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आशीष कुमार व पुत्रवधु अंशू के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। आशीष व पुत्रवधु अंशू के इन्हीं कृत्यों से दुखी होकर अपने पुत्र आशीष कुमार व पुत्रवधु अंशू से सम्बन्ध-विच्छेद कर आशीष कुमार व पुत्रवधु अंशू को अपनी समस्त चल- व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ । आज के बाद आशीष कुमार व पुत्र अंशु किसी से लेनदेन करते हैं या उनके किसी भी कृत्य के लिए वह लोग खुद जिम्मेदार होंगे।

# पृष्ठ एक के शेष....

**राजस्थान में भी...**

सबसे बड़ा सवाल है कि क्या राजस्थान में भी नए चेहरे को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी दी जाएगी।

बता दें कि राज्य में वसुंधरा राजे के साथ बालकनाथ योगी, गजेंद्र सिंह शेखावत, दीया कुमारी, अश्विनी वैष्णव के नाम सीएम पद की रेस में हैं।

राजस्थान बीजेपी विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राजस्थान में (सीएम तय करने के लिए) मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसी ही प्रक्रिया अपनाई जाएगी। वहीं उन्होंने आगे कहा कि राजस्थान में कुछ भी हो सकता है।

**वसुंधरा से मिलने पहुंचे तीन विधायक**

वसुंधरा राजे के आवास पर विधायक काली चरण सर्राफ, बाबू सिंह राठौर और विधायक गोपाल शर्मा पहुंचे। वसुंधरा राजे राजस्थान की मुख्यमंत्री बनने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। हालांकि उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से चेतावनी भी मिल चुकी है।

**मोहन यादव और....**

वहीं छत्तीसगढ़ में बीजेपी विधायक दल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री के रूप में घोषित किए गए आदिवासी समाज के दिग्गज नेता विष्णुदेव साय भी कल शपथ लेंगे। वह छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कार्यक्रम 13 दिसंबर को होगा। राजधानी रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कई राज्य के मुख्यमंत्री समेत कई दिग्गज नेता शामिल हो सकते हैं। इसके लिए तैयारी जोरों पर है।

**महागुन सोसायटी....**

हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-126 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि इस संबंध में बबीता के परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। परिजन अगर ठेकेदार के खिलाफ तहरीर देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**सिटी पार्क की...**

की बात सामने आई है। वहीं थाना फेस वन क्षेत्र के सेक्टर-10 जेजे कॉलोनी में रहने वाले दिलीप हलदर ने अपनी झुग्गी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय दिलीप हालदर के परिजन बाहर गए हुए थे। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उन्हें वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी पुलिस के मुताबिक तीनों युवकों के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

**फांसी के फंदे...**

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही सही कारणों का पता चल पाएगा। इस संबंध में परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। परिजन अगर ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर देते हैं तो मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**सघन अभियान चलाकर...**

ताकि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली सुनिश्चित की जा सके। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में अभियान चलाकर यह सुनिश्चित कर लें कि जो भी विद्युत विभाग के डिफाल्टर हैं, उनके द्वारा अन्य किसी नाम से कनेक्शन लेकर विद्युत का प्रयोग ना किया जा रहा हो। उनको किसी भी तरह से बिजली का कनेक्शन ना मिले। संयुक्त कार्रवाई करते हुए विद्युत विभाग के डिफॉल्टरों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और उनसे बिलों का भुगतान कराया जाए।

**15 दिसंबर को...**

सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी मनीषा अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 15 दिसंबर 2023 को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 20 से 25 प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा उपस्थित होकर रोजगार के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यार्थी की आयु 18 से 30 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा व बी.बी.ए. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**पुलिस के गले नहीं....**

सूचना के तुरंत बाद पुलिस अस्पताल पहुंची इस दौरान जानकारी मिली कि सर्फाबाद गांव निवासी अरुण यादव को दो गोलियां लगी हैं। गोली लगने के बाद अरुण यादव खुद कार चलकर अस्पताल पहुंचा और उपचार के लिए भर्ती हुआ। इस दौरान फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में अरुण यादव और उसके परिजनों ने किसी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी है और ना ही पुलिस जांच में सहयोग कर रहे हैं। इस कारण यह पूरी घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं जिनके आधार पर जल्दी इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि अरुण यादव को किसी परिचित नहीं गोली मारी है। पुलिस इस बिंदु पर जांच कर रही है कि उसे गोली मारी गई है अथवा लापरवाही से चली गोली उसे लगी




दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# आईसीसी ट्रॉफी पर है बीसीसीआई की निगाह, इसलिए बनाया राहुल द्रविड़ को मुख्य कोच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई की निगाह इस समय आईसीसी टॉफी पर लगी हुई हैं। शायद यही वजह है कि वर्ल्ड कप हारने के बावजूद भी टीम में राहुल द्रविड़ की भूमिका मुख्य कोच के रुप में बनी हुई है। भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने घर पर आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में जिस तरह का खेल दिखाया उसने हर किसी के अंदर यही उम्मीद जगाई थी कि टीम ट्रॉफी जीतेगी। लगातार 10 मैच जीतने के बाद टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार मिली। टूर्नामेंट के साथ भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो गया था लेकिन बीसीसीआई ने उनके करार को आगे बढ़ाने का फैसला लिया। जबकि उस समय खबरे सामने आई थी कि अब टीम इंडिया और द्रविड़ की राह अलग हो जाएगी लेकिन बीसीसीआई ने उनको टीम के साथ बनाए रखने का निर्णय लिया। जानकार बता रहे हैं कि राहुल द्रविड़ को भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाए रखने के पीछे बीसीसीआई की मंशा सिर्फ और सिर्फ आईसीसी ट्रॉफी जीतना है। जिस तरह की टीम इस मास्टर माइंड ने तैयार की उसकी तारीफ हर कोई कर रहा है।

हालांकि वनडे वर्ल्ड कप से पहले तमाम सीरीज में प्रयोग करने पर उनकी आलोचना हुई थी लेकिन जब भारत ने अपने घर पर हर टीम के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाते हुए उसे रौंदा तो सब खामोश हो गए। अगले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप द्रविड़ का अगला मिशन है। अंडर 19 टीम की कोचिंग करते हुए कोच राहुल द्रविड़ ने आईसीसी ट्रॉफी जीती है। पहली बार के प्रयास में ईशान किशन की कप्तानी वाली टीम फाइनल में पहुंचकर इसे हासिल करने से चूकी थी। इसके बाद पृथ्वी शाह की कप्तानी वाली टीम को द्रविड़ ने अपनी कोचिंग में चैंपियन बनाया था। बता दें कि रोहित शर्मा की कप्तानी में पिछले टी20 विश्व कप और फिर वनडे वर्ल्ड कप में हार मिली थी। इसके बाद दूसरे मौके पर कोच उन कमियों को दूर करके ही मैदान में उतरेंगे। टी20 विश्व कप 2024 के लिए तैयारी की शुरुआत साउथ अफ्रीका टी20 सीरीज से होने जा रही है। राहुल द्रविड़ ने वनडे में जैसी आक्रामक टीम तैयार की है उससे भी ज्यादा खूंखार बल्लेबाजी क्रम वाले बल्लेबाजों को तैयार कर रहे हैं। इसमें यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा को लगातार मौका दिया जाना उनकी रणनीति का हिस्सा है।



# अंडर 19 विश्व कप का शैड्यूल, भारत का पहला मुकाबला 20 जनवरी को बांग्लादेश से

**दुबई (एजेंसी)।** भारत आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में अपना पहला मैच 20 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोनटेन में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को इस प्रतियोगिता का संशोधित कार्यक्रम जारी किया। पहले यह टूर्नामेंट श्रीलंका में आयोजित किया जाना था लेकिन आईसीसी ने सरकारी हस्तक्षेप के कारण उसके क्रिकेट बोर्ड को निलंबित कर दिया और फिर अंडर 19 विश्व कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका को सौंप दी। इस कारण प्रतियोगिता का नया कार्यक्रम जारी करना पड़ा।

भारतीय टीम को बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। बांग्लादेश के बाद भारतीय टीम का सामना 25 जनवरी को ब्लोमफोनटेन में आयरलैंड से होगा। वह अपना आखिरी लीग मैच इसी स्थान पर 28 जनवरी को अमेरिका से खेलेगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 19 जनवरी को दो मैचों से होगी जिसमें आयरलैंड का सामना अमेरिका से और वेस्टइंडीज का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। इस



टूर्नामेंट में कुल 16 टीम भाग लेंगी जिन्हें चार ग्रुप में बांटा गया है।

**प्रत्येक ग्रुप में शामिल टीम इस प्रकार है-**

ग्रुप ए : भारत, बांग्लादेश, आयरलैंड, अमेरिका

ग्रुप बीः इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज, स्कॉटलैंड

ग्रुप सीः ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, नामीबिया, जम्बिाब्वे

ग्रुप डीः अफगानिस्तान, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, नेपाल

# आईपीएल 2024 में खेलते हुए नजर आ सकते हैं ऋषभ पंत, बतौर इम्पैक्ट प्लेयर उतर सकते हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के फैंस के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, पंत आईपीएल 2024 में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर उतर सकते हैं। रेवस्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार आगामी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ऋषभ पंत के स्वागत की तैयारी कर रहा है। हालांकि, उनके पूरे आईपीएल में खेलने पर संदेह है। उनकी रिकवरी को देखते हुए फेंचाइजी इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे हैं।

दिल्ली कैपिटल्स के सूत्रों के मुताबिक, वह पंत के कमबैक की उम्मीद कर रहे हैं। उनके जैसे लीडर का ड्रेसिंग रूप में फिर से होने की उम्मीद कर रहे हैं। सूत्रों ने पुष्टि की है कि ह पंत को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं। पंत की रिकवरी को लेकर फेंचाइजी अभी फूंक-फूंक कर पैर रखना चाहती है और उन्हें ज्यादातर मैचों में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल करने के बारे में विचार कर रहे हैं।

फिलहाल, ऋषभ पंत विकेटकीपिंग करने के लिए तैयार नहीं है और ये उनकी रिकवरी पर निर्भर करेगा कि वह विकेटकीपिंग कर पाते हैं या नहीं। लेकिन इस खबर से जो एक बड़ा अपडेट निकल कर आ रहा है वह ये है कि पंत को दिल्ली कैपिटल्स बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल करने पर जोर देगी।

# भारतीय महिला टीम ने तीसरे टी20 में इंग्लैंड पर पांच विकेट से दर्ज की जीत

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** भारत दौरे पर आई इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम को तीसरे टी20 मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों के सामने पस्त होना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 126 रन ही बनाए। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 19 ओवर में 5 विकेट पर जीत अपने नाम कर ली।

बता दें कि, तीन मैचों की सीरीज में शुरुआती दोनों मैचों में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। जहां सीरीज 2-1 से इंग्लैंड के नाम रही। इंग्लैंड को 20 ओवर में 126 रन पर आउट करने के बाद भारत ने एक ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 48 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़ने के अलावा दूसरे विकेट के लिए जेमिमा रोड्रिग्स (33 गेंद में 29 रन) के साथ 57 रन की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी।

अमनजोत कौर ने चार गेंद में तीन चौके की मदद से नाबाद 13 रन बनाकर प्रभावित किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर छह रन पर नाबाद रही। रेणुका सिंह (23 रन पर दो विकेट) ने शुरुआती ओवर में टीम को सफलता दिलाई जबकि सैका इशाक (22 रन पर तीन विकेट) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' श्रेयंका पाटिल (19 रन पर तीन विकेट) की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने बीच के ओवरों में इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर शिकंजा कसकर रखा।



अमनजोत कौर ने पारी की आखिरी दो गेंदों पर विकेट चटकाये।इंग्लैंड के लिए कप्तान हीथर नाइट ने सबसे ज्यादा 52 रन का योगदान दिया। उन्होंने आखिरी ओवरों में चार्ली डीन (नाबाद 16) के साथ नौवें विकेट के लिए 32 गेंद में 52 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। नाइट ने 42 गेंद की पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाने के अलावा चौथे विकेट के लिए एमी जोन्स (21 गेंद में 25 रन) के साथ 41 रन की साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की सलामी जोड़ी एक बार फिर अच्छी शुरुआत दिलाने में नाकाम रही।

शेफाली वर्मा (छह रन) तीसरे ओवर में फ्रेया केम्प की गेंद पर बोल्ड हो गयी। मंधाना को इसके बाद जेमिमा का अच्छा साथ मिला। दोनों ने सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए विकेट बचाने पर ध्यान दिया। इस बीच जेमिमा ने पांचवें ओवर में डीन और छठे ओवर में महिका गौर के खिलाफ चौके लगाये। पावरप्ले के आखिरी ओवरी ओवर में मंधाना ने भी चौका लगाया। रोड्रिग्स ने एक्लेस्टोन के खिलाफ दो चौके लगाये तो वही मंधाना ने इसी गेंदबाज के खिलाफ नौवें ओवर में छक्का लगाकर टीम का अर्धशतक पूरा किया। बायें हाथ की इस सलामी बल्लेबाज ने 11वें ओवर में फ्रेया केम्प के खिलाफ अपनी पारी का दूसरा छक्का जड़ा। अगले ओवर में डीन ने जेमिमा को पगबाधा कर दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी को तोड़ा।

# वेस्टइंडीज की टीम में आंद्र रसेल की वापसी

बारबाडोस । इंग्लैंड के खिलाफ 5 घरेलू टी-20 मैचों की सीरीज से पहले वेस्टइंडीज की टीम में आंद्र रसेल की वापसी हुई है। रसेल आखिरी बार 2021 में संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज टीम के साथ दिखे थे। टी20 के धाकड़ बल्लेबाज ने अपने करियर में 167 के स्ट्राइक रेट से करीब 8000 रन बनाए हैं। नई टीम में उनके साथ मैथ्यू फोर्ड भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में प्रभावित किया था और हाल के घरेलू टी20 सीजन में सफलता के शीर्ष पर रहे थे। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि चोट से उबरने के बाद शेरफेन रदरफोर्ड और स्पिनर गुडाकेश मोती को भी टीम में शामिल किया गया है, जिसके कारण उन्हें भारत सीरीज से बाहर होना पड़ा।

शाई होप को रोवमैन पॉवेल की जगह टी-20 टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है, जिससे उनकी वेस्टइंडीज वनडे टीम के कप्तान की भूमिका भी जुड़ जाएगी। हेन्स ने कहा कि हमने एक ऐसी टीम चुनी है जो हमें लगता है कि हमें उस टूर्नामेंट में सफलता का सबसे अच्छा मौका देगी।

वेस्टइंडीज टीम : रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप (उप-कप्तान), रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल , शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

# मेग लैनिंग के संन्यास के बाद हीली बनीं आस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की दिग्गज मेग लैनिंग के संन्यास के बाद अब नए कप्तान के रुप में एलिसा हीली के नाम की घोषणा की गई है। बता दें कि लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया टीम की कमान संभालने वाली इस धुरंधर महिला खिलाड़ी ने क्रिकेट के अलविदा कह दिया है। उनके संन्यास के बाद एलिसा हीली को सभी प्रारूपों में पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया गया है और वह इस महीने भारत दौरे से अपनी नई भूमिका शुरू करेंगी। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया की टीम 21 दिसंबर से मुंबई में एक टेस्ट, तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगी। हीली ने इससे पहले जून से इंग्लैंड, आयरलैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया था। एडिलेड स्ट्राइकर्स को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में लगातार दो खिताब दिलाने वाली ऑलराउंडर तहलिया मैक्ग्रा टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। बता दें कि 33 साल की हीली पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 14 साल से सक्रिय हीली इससे पहली टीम की उपकप्तान थी। नई कप्तान हीली ने अनी नई भूमिका के बारे में कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के झंडे को ऊंचा रखने के लिए जो भी करना होगा वह करेंगी। हीली ने कहा कि मैं कप्तान की भूमिका स्वीकार करके सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं हमारी टीम का नेतृत्व करने के अवसर के लिए आभारी हूं। मैंने वास्तव में पिछले कुछ महीनों में खिलाड़ियों के समर्थन का लुत्फ उठाया है। मेरा दृष्टिकोण वही रहेगा जो पहले था, लेकिन मैं इस भूमिका पर अपनी छाप छोड़ने का प्रयास करूंगी और सुनिश्चित करूंगी कि टीम को अतीत में जो सफलता उसे जारी रखूं। मैं इस समूह के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगी।



# भारतीय महिला और पुरूष हॉकी टीमें पांच देशों के टूर्नामेंट के लिये स्पेन रवाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें पांच देशों का टूर्नामेंट खेलने स्पेन रवाना हो गई जहां पुरूष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह की नजरें टीम की एफआईएच रैंकिंग में सुधार पर होंगी जबकि महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया अगले महीने होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर से पहले सभी कमियों को दूर करने पर फोकस करेंगी।

दोनों टीमें 15 दिसंबर को स्पेन के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगी। पुरूष टीम के लिये यह दौरा 2023 . 24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिये अहम है। भारत को स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से खेलना है। महिला टीम 13 जनवरी से रांची में ओलंपिक क्वालीफायर खेलेगी जिसकी तैयारी के लिये यह टूर्नामेंट अहम है। महिला टीम पहले मैच में स्पेन से , 16 दिसंबर को बेल्जियम से , 19 दिसंबर को जर्मनी से और 21 दिसंबर को आयरलैंड से खेलेगी।

टीम पहले मैच में स्पेन से , 16 दिसंबर को बेल्जियम से , 19 दिसंबर को जर्मनी से और 21 दिसंबर को





आयरलैंड से खेलेगी। पुरूष टीम 15 दिसंबर को स्पेन से, 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी पुरूष टीम 15 दिसंबर को स्पेन से, 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी और 20 दिसंबर को फ्रांस से खेलेगी।

# आईसीसी अंडर-19 पुरुष ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित, कप्तान का ऐलान नहीं

**मेलबर्न (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अगले माह दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप में भाग लेने के लिए टीम की घोषणा की है। हालांकि अभी तक टीम के कप्तान की घोषणा नहीं हुई है। पिछले सप्ताह एल्बरी में 2023 अंडर 19 पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के समापन के बाद युवा चयन पैनल (वाईएसपी) ने 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी। टीम में इसतरह के खिलाड़ियों का एक मजबूत दल शामिल है, जिन्होंने दोहरी अंडर-19 एशेज श्रृंखला में भाग लिया था।

ऑस्ट्रेलियाई टीम को एंथोनी क्लार्क प्रशिक्षित करने वाले हैं, जिन्होंने इंग्लैंड और श्रीलंका के हाल के दौरों पर अंडर 19 टीम का नेतृत्व भी किया है। सैम कोनस्टास समय पर प्रदर्शन के साथ टीम में एक असाधारण खिलाड़ी के रूप में उभरे। उन्होंने अंडर 19 नेशनल चैंपियनशिप फाइनल में क्वींसलैंड के खिलाफ नाबाद 63 रन बनाकर एनएसडब्ल्यू मेट्रो के लिए खिताब हासिल किया। एडेन ओकॉनर ने भी नेशनल्स में अपने लगातार दम पर स्थान अर्जित किया। हैरी डिक्सन पहले ही अंडर-19 स्तर पर ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट और वनडे शतक लगा चुके हैं, को भी चैंपियनशिप में 222 रन बनाने के बाद चुना गया है। ऑलराउंडर ह्यू वीबगेन पीठ की चोट के कारण अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियनशिप से बाहर हो गए थे, को भी इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में टीम का नेतृत्व करने के बाद चुना गया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय विकास प्रमुख सोन्या थॉम्पसन ने कहा, इस साल की अंडर 19 पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिभा की मात्रा को देखना रोमांचक रहा है। हमने कुछ शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन देखे हैं। आगामी अंडर 19 विश्व कप खिलाड़ियों को प्रदान करता है। एक उत्कृष्ट विकास अवसर के साथ और हम इस टीम को विश्व मंच पर प्रदर्शन करते देखने के लिए उत्सुक हैं। आगामी अंडर-19 विश्व कप पुरुषों का 15वां संस्करण है और इसमें एक संशोधित टूर्नामेंट प्रारूप होगा, जिसमें सेमीफाइनलिस्ट निर्धारित करने के लिए ग्रुप चरण के बाद एक नया सुपर सिक्स चरण शामिल है।

ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 विश्व कप टीम : लाचलान एटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैंपबेल, हैरी डिक्सन, रयान हिक्स, सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, एडन ओकॉनर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रैकर, कैलम विडलर, कोरी वास्ले , ह्यू वेइबगेन शामिल है।

# चौहान गोल्फ टूर्नामेंट को एक शॉट से जीतने में सफल रहे

कोलकाता । ओम प्रकाश चौहान चौथे दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेलने के बावजूद यहां एक करोड़ रुपए पुरस्कार वाले एसएसपी चौरसिया आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट को एक शॉट से जीतने में सफल रहे। चौहान ने 4 दौर में कुल छह अंडर 282 के स्कोर के साथ जीत दर्ज की। वह चौथे दौर में लय में नहीं थे लेकिन आखिरी होल में बर्डी लगाकर एक शॉट से सत्र का चौथा खिताब जीतने में सफल रहे। यह उनके करियर का 11वां खिताब है। इस जीत से 37 साल के चौहान को 15 लाख रुपए इनाम के तौर पर मिले जिससे वह पीजीटीआई के सत्र में एक करोड़ रुपए इनामी राशि को पार करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। मौजूदा सत्र में उनकी कुल कमाई 1,13,80,559 रुपये है जो सत्र में दूसरे स्थान पर काबिज करण प्रताप सिंह से लगभग 39 लाख अधिक है। अमेरिका ने नवोदित खिलाड़ी वरुण चोपड़ा (73-72-69-69) दिन का सर्वश्रेष्ठ कार्ड (69) खेलने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। वह 5 अंडर 283 (73-72-69-69) के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अंगद चीमा (70) कुल 4 अंडर के स्कोर से तीसरे जबकि उदयान माने और राशिद खान संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे। इन दोनों खिलाड़ियों का स्कोर दो अंडर 286 रहा।



# पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज का 'यू टर्न

कराची । टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलया दौरे से बाहर होने पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की काफी आलोचना की थी अब उन्होंने 'यू टर्न लेते हुए 'बिग बैश लीग में खेलने के लिए उन्हें एनओसी (अनापत्ति पत्र) प्रदान करने के फैसले का बचाव किया। वहाब ने पिछले महीने पाकिस्तान की टेस्ट टीम की घोषणा के वक्त हारिस की आलोचना की थी क्योंकि उन्होंने आस्ट्रेलिया में तीन मैचों के लिए चयन के खुद को उपलब्ध नहीं कराया था। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए वहाब ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस एनओसी का इंतजाम किया है ताकि हारिस न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला के लिए फॉर्म में बरकरार रहें। वहाब ने आगे कहा कि न्यूजीलैंड श्रृंखला के लिए अभी डेढ़ महीने का समय है और इस दौरान हारिस कोई क्रिकेट नहीं खेल रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ बिग बैश का उसका अनुबंध केवल पांच मैच का ही है। उन्होंने कहा, 'डेढ़ महीने तक कोई क्रिकेट नहीं होगा और वह एक तेज गेंदबाज है तो उसकी लय बनी रहे, यह सुनिश्चित करना होगा इसलिए हमने उन्हें एनओसी दी है जो सात से 28 दिसंबर तक है। इसमें बिग बैश लीग के पांच मैच कवर हो जायेंगे ताकि वह पाकिस्तानी टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर रवाना हो सके। एनओसी देने के पीछे का कारण यही है।

# शीर्ष डिवीजन में वापसी तक पेले की 10 नंबर जर्सी किसी को नहीं

साओ पाउलो । ब्राजील के प्रमुख फुटबॉल क्लब सांटोस का कोई भी खिलाड़ी तब तक पेले की मशहूर 10 नंबर जर्सी को नहीं पहनेगा जब तक टीम की सीनियर डिवीजन (सीरी ए) में वापसी नहीं हो जाती। सांटोस के नवनियुक्त अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने कहा कि जब तक उनकी टीम सेकंड डिवीजन में खेलती रहेगी तब तक उसके खिलाड़ी 10 नंबर की जर्सी नहीं पहनेंगे। उन्होंने कहा, 'जब तक सांटोस की सीरी ए में वापसी नहीं हो जाती, तब तक हम 10 नंबर की जर्सी का उपयोग नहीं करेंगे। पेले अपने करियर के दौरान सांटोस की तरफ से खेलते रहे और उनकी 10 नंबर की जर्सी विश्व फुटबॉल में विशेष स्थान रखती है। पेले का पिछले साल 29 दिसंबर को 81 साल की उम्र में निधन हो गया था।

# खेल मंत्री से मिले बजरंग और साक्षी, संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई चुनाव लड़ने से रोकने का किया आग्रह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सोमवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मिले और उनसे एक बार फिर आग्रह किया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह से जुड़े किसी भी व्यक्ति को राष्ट्रीय महासंघ के आगामी चुनाव लड़ने से रोका जाए।

डब्ल्यूएफआई के बहुप्रतीक्षित चुनाव 21 दिसंबर को महासंघ की आम सभा की बैठक में होने हैं और इसी दिन नतीजों की घोषणा भी की जाएगी। बजरंग और साक्षी उन पहलवानों में शामिल थे जिन्होंने दो महीने तक बृज भूषण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन की अगुआई की थी।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृज भूषण पर यौन उत्पीड़न के कई आरोप लगे हैं। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग के अनुसार उन्होंने अपना विरोध-प्रदर्शन वापस लिया था क्योंकि सरकार ने आश्वासन दिया था कि बृज भूषण से जुड़ा कोई व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ पाएगा। बृज भूषण के विश्वासपात्र संजय सिंह और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं।

बजरंग ने 'पीटीआई' से कहा, ''हां, आज हमने खेल मंत्री से मुलाकात की और उन्हें उनका वादा याद दिलाया कि बृज भूषण से जुड़ा कोई व्यक्ति डब्ल्यूएफआई चुनाव नहीं लड़ेगा।'' उन्होंने कहा, ''संजय सिंह उसका करीबी है और उसे चुनाव से हटना चाहिए या फिर हम जल्द ही अपनी भविष्य की कार्रवाई पर फैसला करेंगे। हमने मंत्री को यह बता दिया है।'' बजरंग ने कहा कि उन्हें अनिता से कोई समस्या नहीं है क्योंकि वह पूर्व पहलवान है और खिलाड़ियों के हालात से वाकिफ है।

उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि कोई पूर्व पहलवान डब्ल्यूएफआई का प्रभार संभाले जिसे कम से कम यह तो पता हो कि देश के लिए पदक जीतने के लिए क्या करना होता है। अनिता राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता हैं और पहलवानों की मांगों को समझती हैं।''

डब्ल्यूएफआई की पहली महिला अध्यक्ष बनने के लिए चुनौती पेश कर रहीं अनिता बृज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में कथित तौर पर गवाह हैं। बृज भूषण पर यौन उत्पीड़न के कई आरोप लगे हैं और वह अभी जमानत पर हैं। वह डब्ल्यूएफआई का चुनाव नहीं लड़ सकते क्योंकि पदाधिकारी के रूप में 12 साल पूरे कर चुके हैं जो राष्ट्रीय खेल संहिता के तहत अधिकतम कार्यकाल है। बृज भूषण ने साथ ही आश्वासन दिया है कि उनके परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा।



उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृज भूषण और इसी संघ का उपाध्यक्ष उनका बेटा करण चुनाव नहीं लड़ेंगे। बिहार कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बृज भूषण के दामाद विशाल सिंह भी चुनाव नहीं लड़ रहे।

# संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली राहत, न्यायिक हिरासत 21 दिसंबर तक बढ़ी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोई अंतरिम राहत नहीं दी। वहीं, दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 21 दिसंबर तक बढ़ा दी। आप सांसद को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच में गिरफ्तार किया था। अदालत ने सिंह की जमानत अर्जी पर मंगलवार दोपहर दो बजे सुनवाई तय की है। न्यायिक हिरासत 21 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। हमने संजय सिंह को जेल में रहने के दौरान कुछ नोटिस मिलने के कारण एक आवेदन दायर किया है। संजय सिंह के वकील डॉ फारुख खान ने संवाददाताओं से कहा, जमानत याचिका मंगलवार (कल) के लिए सूचीबद्ध की गई है। सिंह को केंद्रीय जांच एजेंसी ने 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के अनुसार, सिंह कथित तौर पर अब खत्म हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति में शराब समूहों से पैसा इकट्ठा करने की साजिश का हिस्सा थे। ईडी ने अदालत को बताया था कि आप के राज्यसभा सांसद कथित तौर पर सरकारी गवाह दिनेश अरोड़ा के करीबी थे, जिन्होंने कथित तौर पर अमित अरोड़ा से लेकर संजय सिंह तक पर आरोप लगाए थे। दिनेश अरोड़ा लगातार संजय सिंह के संपर्क में थे. कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण से यह बात साबित हुई है। सिंह को कथित तौर पर अपराध से रू.2 करोड़ की आय प्राप्त हुई, जैसा कि ईडी ने पहले कहा था। 9 दिसंबर को संजय सिंह ने अदालत से आग्रह किया था कि उन्हें रिहा कर दिया जाए क्योंकि उन्हें आगे हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।



# फेसबुक पर कांग्रेस विधायक पर सवाल पूछने पर भाजपा कार्यकर्ता पर हमला

शिवमोग्गा । शिवमोग्गा जिले में भद्रावती से कांग्रेस विधायक बी.के. संगमेश्वर से फेसबुक पर सवाल पूछने पर एक भाजपा कार्यकर्ता पर छह लोगों के गिरोह द्वारा हमला किए जाने की घटना सोमवार को सामने आई। भाजपा कार्यकर्ता गोकुल कृष्णन के माथे और कान पर गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें शिवमोग्गा के मेगन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरोह ने उन पर तब हमला किया जब वह रविवार रात भद्रावती शहर में कंचन होटल से डिनर पार्सल लाने गए थे। गोकुल कृष्णन ने कहा कि स्थानीय कांग्रेस विधायक संगमेश्वर से पूछताछ की पृष्ठभूमि में उन पर हमला किया गया। पीड़ित ने कांग्रेस विधायक से भद्रावती शहर में अवैध गतिविधियों और एमपीएमएल फैक्ट्री को फिर से शुरू करने के उनके वादे के बारे में सवाल किया था। पोस्ट के बाद शनिवार को पीड़ित की कार को निशाना बनाया गया और क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मामले की जांच कर रही न्यू टाउन पुलिस ने इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान गणेश (22), हर्ष (22) और नागे गौड़ा (22) के रूप में हुई है। मारपीट के मामले में पुलिस ने अभी तक कार्रवाई नहीं की है। मामला बड़ा मुद्दा बनने और सत्र में इस पर चर्चा होने की संभावना है।

# केजरीवाल लोकप्रिय हुए तो केंद्र ने डराने की कोशिश शुरु कर दी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष और पार्टी विधायक गुलाब सिंह यादव ने रविवार को मटियाला विधानसभा क्षेत्र में घर-घर मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान चलाया। यादव ने लोगों से बातचीत करते हुए पूछा कि अगर अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया तो क्या उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए? जेल से सरकार चलानी चाहिए या नहीं? ये सवाल इसलिए उठा है कि आप का दावा है कि आम आदमी पार्टी ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को डराने की कोशिश कर रही है, क्योंकि उनकी लोकप्रियता पूरे देश में बढ़ रही है। यादव ने कहा, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक बार फिर आप नेताओं को जेल में डालने के लिए नया जाल बिछाया है। देशभर में अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता के कारण मोदी सरकार उन्हें रोकने के लिए ईडी और सीबीआई से डराने की कोशिश कर रही है। अब उन्हें जेल में डालना चाहते हैं। मैं मोदी सरकार से कहना चाहता हूं कि जिन्होंने कुछ गलत किया है, वे ही ईडी और सीबीआई से डरते हैं। ईडी और सीबीआई से डरने वाली नहीं है, जनता जानती है कि आप ईमानदार पार्टी है। उन्होंने कहा, अगर अपनी ईमानदारी के कारण हमें जेल जाना पड़े तो हम एक पल भी नहीं सोचेंगे। मोदी सरकार के खिलाफ हमारी लड़ाई देश को बचाने के लिए है। आज देश में युवाओं के पास रोजगार, स्वास्थ्य सुविधा और बेहतर शिक्षा का अभाव है। पूरा सिस्टम बिगाड़ दिया गया है, किसान परेशान हैं और युवाओं के लिए नौकरियां नहीं हैं। केंद्र सरकार को सिर्फ बड़े उद्योगपतियों की चिंता है। उन्होंने कहा, भाजपा ईर्ष्यालु है, क्योंकि अगर वे अच्छा काम नहीं कर रहे हैं, तो चाहते हैं कोई दूसरी सरकार भी न करे। मैं भाजपा को बताना चाहता हूं कि अच्छे काम के लिए अच्छे इरादे जरूरी हैं, जो केवल आप के पास है

# आध्यात्मिक पर्यटन केन्द्र वाली हो गोवा की पहचान : रमेश शिंदे

पणजी । हिंदू जनजागृति समिति ने मंदिरों के आधार पर राज्य में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग की। रविवार को दक्षिण गोवा में गोमांतक मंदिर महासंघ और हिंदू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित गोमांतक मंदिर-धार्मिक संस्थान परिषद की बैठक में कहा गया कि गोवा की छवि कैसिनो और छोटे कपड़े पहने महिलाओं वाले समुद्र तटों की भूमि बन गई है। हिंदू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश शिंदे ने कहा कि क्या कैसिनो, अर्धनग्न महिलाओं वाले समुद्र तटों, सनबर्न ही गोवा की छवि है। हाल ही में गोवा सरकार ने मंदिर संस्कृति को बढ़ावा देने की अभिनव पहल की है । शिंदे ने कहा, कि उत्तर प्रदेश में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के बाद एक साल में 8 करोड़ पर्यटक वहां आए, जबकि गोवा में कैसीनो, समुद्र तट, सनबर्न जैसे त्योहारों को बढ़ावा देने के कारण पिछले साल केवल 73 लाख पर्यटक गोवा आए। तो गोवा में मंदिर पर्यटन को क्यों बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए? उन्होंने कहा कि मंदिरों की पवित्रता को बनाए रखने वाले धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। गोवा में कुछ स्थानों पर ट्रस्टियों, महाजनों, पुजारियों आदि के बीच विवाद चल रहे हैं, आज अदालतों में 5 करोड़ मामले लंबित हैं और न्याय पाने के लिए पीढ़ियों तक इंतजार करना पड़ता है। इसलिए मंदिरों के अंदरूनी विवादों को आपस में ही सुलझा लेना चाहिए।

# हिंदुओं के लिए सपना सच हुआ, बीआरएस की के कविता ने की अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की तारीफ

हैदराबाद। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं, ऐसे में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी और भारत रक्षा समिति (बीआरएस) की एमएलसी कल्वाकुंतला कविता ने रविवार को कहा कि यह एक सपने जैसा है। करोड़ों हिंदुओं के लिए सच है। एक्स टाइमलाइन पर तेलुगु में लिखी एक पोस्ट में उन्होंने भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के लिए अपनी खुशी व्यक्त की। के कविता ने पोस्ट करते हुए कहा कि शुभ समय के दौरान जब अयोध्या में श्री सीताराम चंद्र स्वामी की मूर्ति स्थापित की गई है, जो करोड़ों हिंदुओं के लिए एक सपना सच होने जैसा है, तेलंगाना के साथ देश इसका स्वागत करता है। एक्स पोस्ट के साथ उन्होंने निर्माणाधीन राम मंदिर का एक वीडियो भी शेयर किया। इस बीच, गर्भगृह, जहां भगवान राम की मूर्ति रखी जाएगी, पूरा होने के करीब है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शनिवार को लगभग तैयार गर्भगृह की तस्वीरें साझा कीं, जहां राम लला की मूर्ति स्थापित की जाएगी। चंपत राय ने कहा कि श्री राम लला का गर्भगृह लगभग तैयार है। हाल ही में लाइटिंग-फिटिंग का काम भी पूरा हो गया है। आपके साथ कुछ तस्वीरें साझा कर रहा हूं। अयोध्या में राम मंदिर अगले साल 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हो जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा' (अभिषेक समारोह) में शामिल होने के लिए लगभग 6,000 लोगों को पत्र भेजेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन प्रमुख हस्तियों में शामिल हैं जिनके इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।



# जातीय सर्वे को लेकर कभी भी बाधक नहीं रही केन्द्र सरकार : अमित शाह

### –बिहार के जातीय सर्वे में कई खामियां, करना होगा दूर, नीतीश और तेजस्वी यादव से बोले अमित शाह

**पटना (एजेंसी)।** देश में जातीय सर्वे की जरूरत पर बल देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जातीय सर्वे को लेकर केंद्र सरकार ने कभी बाधा उत्पन्न नहीं की। रविवार को पटना में जोनल कार्उसिल की मीटिंग के दौरान शाह ने बताया कि बिहार की सरकार में जब भाजपा शामिल थी तो इसके समर्थन में राज्यपाल ने बिल को तुरंत मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि जातीय सर्वे में कुछ समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करना होगा। गृह मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हमें उम्मीद है कि बिहार सरकार जातीय सर्वे में आई खामियों को दूर करने का प्रयास करेगी।

पूर्वी जोन की मीटिंग में बिहार के सीएम नीतीश कुमार के अलावा ओडिशा, बंगाल और झारखंड के वरिष्ठ मंत्रियों ने भी हिस्सा लिया। मीटिंग में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि जातीय सर्वे का बिहार में भाजपा ने भी समर्थन किया था। इसके अलावा आबादी के अनुपात में जातिगत आरक्षण दिए जाने का प्रस्ताव भी विधानसभा से ध्वनिमत से पारित हुआ था। भाजपा ने भी इसका आगे बढ़कर समर्थन किया था। हालांकि अब जातीय सर्वे को लेकर क्रेडिट की जंग छिड़ती दिख रही है। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव इसे अपनी सरकार की जीत के तौर पर पेश करते रहे हैं। यही नहीं बिहार के बाद यूपी, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में जातीय सर्वे कराने की मांग भी उठाई जा रही है। कांग्रेस ने तो चुनावी राज्यों में इसे लेकर वादे भी किए थे। माना जा रहा है कि साल 2024 के चुनाव में कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल जातीय सर्वे की मांग करते हुए मुद्दा उठा सकते हैं। कांग्रेस को भी लगता है कि इसके बहाने वह ओबीसी वर्ग में कुछ पैठ बना सकेगी। फिलहाल कांग्रेस हर वर्ग में अपनी पकड़ खोती दिख रही है। ऐसे में इसके बहाने वह एक बड़े वर्ग को साधने का प्रयास करेगी।




# न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर 19 दिसंबर को होगी इंडिया गठबंधन की बैठक

नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि सीट बंटवारे और न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए इंडिया गठबंधन की अगली बैठक 19 दिसंबर को होगी। नई दिल्ली में मंगलवार दोपहर तीन बजे इंडिया गठबंधन के पार्टी नेताओं की आयोजित चौथी बैठक में सीट शेयरिंग में न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर चर्चा होगी। इस बीच, कांग्रेस के एक सूत्र ने बताया कि इंडिया गठबंधन के संसद के फ्लोर लीडरों की डिनर मीटिंग हाल ही में हुई थी। यह बैठक बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई, जिसमें पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी और 17 दलों के नेता भी शामिल हुए। सीट शेयरिंग की अगली बैठक में न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर चर्चा होगी। इस बीच, द्रमुक सांसद एस. सेंथिलकुमार के विवादास्पद बयान पर कांग्रेस ने विरोध जताते हुए कहा कि हम इस पर बयान जारी करने ही वाले थे। उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर बयान के दौरान उन्होंने कहा था कि द्रमुक को यह बता दिया गया था कि हम जातिगत असमानता के खिलाफ हैं और हमें असमानता से लड़ने की जरूरत है। सूत्र ने कहा, हम भी एक गठबंधन में हैं, गठबंधन धर्म का मतलब यह नहीं है कि आप अपने सहयोगियों से हिसाब लें या उनसे भिड़ें। सेंथिलकुमार के विवादित बयान के बाद भी कांग्रेस ने अपनी नाराजगी द्रमुक को बताई और कुछ ही घंटों में सफाई भी दे दी गई।



**कर्नाटक से हैरान करने वाली घटना से हिला देश**

# घर से बाहर खींचकर सरेआम महिला को किया नग्न, खंभे से बांधकर हैवानों ने किया उत्पीड़न

**बेलगावी (कर्नाटका) (एजेंसी)।** हम रोजाना अखबारों में दिलदहला देने वाली घटनाएं पढ़ते हैं और गुस्सा करते हैं। कई बार ऐसी घटनाएं हमारे आसपास ही घटती है लेकिन हममें से ज्यादातर लोग इसे देखकर आंखे बंद कर लेते हैं और केवल तमाशा देखते हैं। हैरान कर देने वाली घटना कर्नाटका से आयी है। जहां एक लड़का एक लड़की से प्यार करता था और वह उसे भगाकर अपने घर ले आया। जब इस बात की जानकारी लड़की के परिवार को मिली तो लड़की का परिवार लड़के के घर पहुंचा। वहां पर लड़के की मां को उन्होंने काफी प्रताड़ित किया। महिला उम्रदराज थी लेकिन हैवानों ने अपनी बेटी के घर से भागने का सारा गुस्सा लड़के की मां पर निकाला। महिला को उसके घर से बाहर खींच लिया, नग्न कर दिया, एक खंभे से बांध दिया और उसकी पिटाई की।

पुलिस ने कहा कि रविवार रात कर्नाटक के बेलगावी में एक लड़की के परिवार ने एक महिला को उसके घर से बाहर खींच लिया, नग्न कर दिया, एक खंभे से बांध दिया और उसकी पिटाई की, जिसके साथ उसका बेटा भाग गया था। इस घटना पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और गृह मंत्री जी परमेश्वर ने प्रतिक्रिया व्यक्त की।

पुलिस ने बताया कि महिला का बेटा कुछ समय से लड़की के साथ रिलेशनशिप में था। अपनी बेटी के महिला के बेटे के साथ भाग जाने की खबर मिलने पर लड़की के परिवार वाले लड़के के घर पहुंचे। पुलिस ने कहा कि लड़की के परिवार ने उस व्यक्ति की मां को उसके घर के बाहर खींच लिया, उसे नग्न कर दिया, उसे एक खंभे से बांध दिया और उसके साथ शारीरिक उत्पीड़न किया।



घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, सिर्फ बेलगावी ही नहीं, हमारी सरकार हर जगह सख्त है। चाहे कोई भी अपराध हो, हम अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट इसने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। हमारी सरकार किसी भी कारण से ऐसे जघन्य कृत्यों को बर्दाश्त नहीं करेगी।÷ कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर के अनुसार, अपराध में सीधे तौर पर शामिल सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा। मंत्री ने यह भी कहा कि वह पीड़िता से मिलेंगे, जिसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

उन्होंने कहा 'हम आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। एक युवा जोड़ा भाग गया था. लड़की का परिवार उस आदमी के घर गया, माँ को बाहर खींच लिया, उसे नग्न कर दिया और पिटाई करने से पहले उसे एक खंभे से बांध दिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को बचाया और नजदीकी अस्पताल ले गई। वह अब अस्पताल में है।

# बिहार के सीएम नीतीश ने दोहराई विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग

### – पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री शाह के समक्ष दिया सामाजिक आर्थिक सर्वे रिपोर्ट का हवाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पटना (ईएमएस) सामाजिक आर्थिक सर्वे रिपोर्ट से उजागर गरीबी और पिछड़ेपन का हवाला देते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य को विशेष दर्जा देने की एक बार फिर केन्द्र सरकार से मांग की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में राजधानी में मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद में 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि वह वर्ष 2010 से ही बिहार के लिए विशेष राज्य दर्जा की मांग कर रहे हैं। बिहार बहुत ही ऐतिहासिक राज्य है, लगातार विकास के बाद भी बिहार विकास के मापदंडों में राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे है। बिहार, विशेष राज्य के दर्जे की सभी शर्त्तों को पूरा करता है। अब तो जाति आधारित गणना में गरीबी एवं पिछड़ेपन के आंकड़े भी इसका समर्थन करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार के बीच कई मुद्दों पर बात होनी है। वह चाहते थे कि केन्द्र सरकार जातीय आधार पर जनगणना कराये। इसके लिए वर्ष 2019 एवं 2020 में बिहार विधानमंडल में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा गया। फिर वह सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। केन्द्र सरकार द्वारा इस पर कोई विचार नहीं किया गया। राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना करा ली है और इसके आंकड़े भी जारी कर दिए गए। सीएम ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार, बिहार की कुल आबादी 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है, जिनमें से 53 लाख 72 हजार 22 लोग बिहार से बाहर के रह रहे हैं और 12 करोड़ 53 लाख 53 हजार राज्य में रह रहे हैं।

जाति आधारित गणना में पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा 36.01, अनुसूचित जाति 19.65, अनुसूचित जनजाति 1.68 और सामान्य वर्ग 15.52 प्रतिशत की आबादी पाई गई है। इन आंकड़ों के आधार पर भारतीय जनता पार्ट (भाजपा) सहित सभी पार्टियों की सहमति से समाज के सभी कमजोर वर्गों के सामाजिक उत्थान के लिए आरक्षण में इनकी भागीदारी बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

# कानून के शिकंजे में फंसे कद्दावर मंत्री, कभी भी गिरा सकते हैं कर्नाटक कांग्रेस सरकार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बने अभी ज्यादा वक्त नहीं हुआ है। लेकिन सरकार गिरने के दावे होने लगे हैं। जेडीएस के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी.कुमारस्वामी पूरे दावे के साथ कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार बहुत जल्द गिरने वाली है। वजह ये है कि राज्य सरकार में एक कद्दावर नेता मंत्री हैं, विधायकों में उनकी अपनी मजबूत पकड़ है, लेकिन कानून के शिकंजे में फंस गए हैं। उनके खिलाफ दर्ज मामलों से बचने के लिए वे भाजपा का दामन थाम सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो वे कई विधायक अपने साथ ले जाएंगे और राज्य की कर्नाटक सरकार गिर जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने दावा किया कि मंत्री '50 से 60 विधायकों के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो सकते हैं और वह वर्तमान में भाजपा के नेताओं के साथ ''बातचीत कर रहे हैं। जद (एस) नेता ने संवाददाताओं से कहा, ''कांग्रेस सरकार में सब कुछ ठीक नहीं है। मुझे नहीं पता कि यह सरकार कब गिर जाएगी। एक प्रभावशाली मंत्री अपने खिलाफ दर्ज मामलों से बचने के लिये बेताब हैं। कुमारस्वामी ने कहा कि केंद्र ने उनके खिलाफ ऐसे मामले दर्ज किए हैं, जिनसे ''बच निकलने की कोई संभावना नहीं है। जब कुमारस्वामी से नेता का नाम पूछा गया तो उन्होंने कहा कि छोटे नेताओं से ऐसे ''निर्भीक कदम की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि केवल ''प्रभावशाली लोग ही ऐसा कर सकते हैं। जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक में किसी भी समय ''महाराष्ट्र जैसा कुछ हो सकता है।



# साइबर अपराध के मामले में महाराष्ट्र देश में चौथे स्थान पर

### – साइबर तकनीक का प्रशिक्षण नहीं मिलने से पुलिस भी असहाय

### – साइबर क्राइम रोक पाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

**मुंबई (एजेंसी)।** पिछले साल से देश भर में हाईटेक साइबर अपराधियों का बोलबाला है और हर दिन 180 से ज्यादा साइबर अपराध सामने आ रहे हैं। इस समय देश में साइबर क्राइम में काफी बढ़ोतरी हुई है और 65 हजार 893 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से अधिकतर अपराध वित्तीय धोखाधड़ी और ऑनलाइन यौन शोषण हैं। तेलंगाना 15 हजार 297 मामलों के साथ देश में पहले स्थान पर है जबकि महाराष्ट्र चौथे स्थान पर है, यह चौंकाने वाला आंकड़ा राष्ट्रीय अपराध पंजीकरण विभाग द्वारा प्रकाशित आंकड़ों से प्राप्त हुआ है। एक ओर जहां साइबर क्राइम के मामले बढ़ते जा रहे हैं, वहीं पुलिस आरोपियों को पकड़ने में नाकाम हो रही है। साइबर अपराध के संबंध में देश भर में पुलिस बल के जवानों को उचित प्रशिक्षण नहीं मिलने के कारण साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करना संभव नहीं हो पा रहा है। इससे पहले पुलिस को विदेशों में बैठे साइबर अपराधियों ने चुनौती दी थी. हालाँकि, अब कई राज्यों में साइबर क्राइम गिरोह उभर रहे हैं। छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली राज्यों में साइबर गिरोह सक्रिय हैं। वहां से वे देशभर में ऑनलाइन धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम देते हैं। 2022 में देश भर में 65 हजार 893 साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं. इनमें सबसे ज्यादा अपराध ऑनलाइन धोखाधड़ी और उसके बाद ऑनलाइन यौन उत्पीड़न हैं। साइबर अपराधों में 24.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, सबसे अधिक साइबर अपराध तेलंगाना (15,297) में दर्ज किए गए हैं। दूसरे स्थान पर कर्नाटक (12,556) और तीसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश (10,117) है। जबकि चौथे नंबर पर महाराष्ट्र है और राज्य भर में 8 हजार 249 साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं. देशभर में दर्ज 65 हजार साइबर अपराधों में से 42 हजार 700 अपराध विभिन्न तरीकों से ऑनलाइन धोखाधड़ी से जुड़े हैं. साइबर अपराधियों ने 3 हजार 468 लोगों को ऑनलाइन फिरौती देने के लिए मजबूर किया है. साथ ही अश्लील फोटो और वीडियो सार्वजनिक करने का डर दिखाकर 3 हजार 434 लोगों से रंगदारी ली गई है. कई उच्च शिक्षित लोगों को आर्थिक रूप से धोखा दिया गया है और ज्यादातर मामले अंशकालिक नौकरी का लालच देने, लिंक पर क्लिक करके या बैंक का ओटीपी पूछकर बैंक खाता खाली करने के हैं। साइबर अपराधियों का गिरोह झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के सीमावर्ती इलाकों से संचालित होता है। अपराधी पैसे ट्रांसफर करने के लिए सैकड़ों मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कई गरीब लोगों के बैंक खातों का उपयोग करते हैं। इसलिए पुलिस के हाथ लगने वाले साइबर अपराधियों की संख्या न्यूनतम है. साथ ही साइबर अपराध की जानकारी रखने वाले पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या 5 से 7 फीसदी है. पुलिस को समय-समय पर साइबर तकनीक का प्रशिक्षण भी नहीं दिया जाता है जिससे पुलिस ऐसे अपराधों को रोक पाने में खुद को असहाय महसूस कर रही है. बहरहाल अगर समय रहते इसपर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में साइबर क्राइम को रोक पाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होने वाली है।




# एआई को कंट्रोल करने दुनिया में पहली बार कानून बनेगा

### –आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्ट बनाने के लिए यूरोपियन यूनियन हुआ राजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एआई के दुरूपयोंग को रोकने के लिए अब यूरोपियन यूनियन कानून बनाने को राजी हो गया है। इस संबन्ध में यूरोपीय संसद ने कहा कि उसके मेंबर्स प्रस्तावित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्ट को लेकर एक ऐतिहासिक 'प्रोविजनल एग्रीमेंट' पर पहुंच गए हैं। ईयू का एआई एक्ट एआई से जुड़े यूजर्स के नुकसान को नियंत्रित करने वाला दुनिया का पहला व्यापक नियम बनने जा रहा है। यूरोपीय संसद ने एक बयान में कहा कि इस रेगुलेशन का उद्देश्य ये सुनिश्चित करना है कि इनोवेशन को बढ़ावा देने और यूरोप को इस सेक्टर में लीडर बनाने के साथ-साथ मौलिक अधिकार, लोकतंत्र, कानून का शासन और पर्यावरणीय स्थिरता हाई रिस्कत एआई से सुरक्षित रहे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये नियम बताते हैं कि एआई को उसके प्रभाव और रिस्क के आधार पर उसे क्या करना चाहिए। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि राजनीतिक एग्रीमेंट ग्लोबल फर्स्ट है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि एआई एक्ट वैश्विक स्तर पर पहली बार बन रहा है। इसमें एआई के विकास के लिए यूनीक लीगल फ्रेमवर्क पर आप लोगों और उनके व्यवसायों की सुरक्षा और मौलिक अधिकारों के लिए भरोसा किया जा सकता हैं। हमने अपने राजनीतिक दिशानिर्देशों में एक कमिटमेंट ली और हमने उसे पूरा भी किया है।

ताजा जानकारी के अनुसार एआई के कुछ एप्लीकेशन द्वारा नागरिकों के अधिकारों और लोकतंत्र के लिए संभावित खतरे को पहचानते हुए, को-लेजिस्लेटर्स संवेदनशील विशेषताओं राजनीतिक, धार्मिक, दार्शनिक विश्वास, सेक्सुअल ओरिएंटेशन, नस्ल का उपयोग करने वाले बायोमेट्रिक कैटेगरी सिस्टम को बैन करने पर सहमत हुए हैं। यह एग्रीमेंट फेस रिकग्निशन डेटाबेस, वर्कप्लेस और एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में इमोशन रिकग्निशन और सोशल बिहेवियर या व्यक्तिगत विशेषताओं के आधार पर सोशल स्कोरिंग बनाने के लिए इंटरनेट या सीसीटीवी फुटेज से फेशियल इमेज की अनटारेगेटेड स्क्रैपिंग पर भी रोक लगाता है।



यूरोपीय यूनियन ने कहा कि ये एग्रीमेंट उन एआई सिस्टम पर भी अंकुश लगाता है जो मानव व्यवहार में हेरफेर करके उनकी स्वतंत्र इच्छा को बाधित करते हैं और एआई का उपयोग लोगों की कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए करते हैं। हाई रिस्क जोन में रखे गए एआई सिस्टम के लिए, स्पष्ट दायित्वों पर सहमति भी व्यक्त की गई। संसद ने कहा कि चुनाव के नतीजों और मतदाता व्यवहार पर असर पर डालने के लिए उपयोग किये जाने वाले एआई सिस्टम को भी हाई-रिस्क जोन में रखा गया है। यूनियन का कहना है कि नए कानून में नागरिकों को एआई सिस्टम के बारे में शिकायतें करने और हाई रिस्क वाले एआई सिस्टम पर आधारित निर्णयों के बारे में जानने का अधिकार होगा।



# हनुमान जी के ध्यान से बनता है जीवन मंगलमय

हनुमानजी को पराक्रम, बल, सेवा और भक्ति के आदर्श देवता माने जाते हैं। इसी वजह से पुराणों में हनुमानजी को सकलगुणनिधान भी कहा गया है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी लिखा है कि- 'चारो जुग परताप तुम्हारा है परसिद्ध जगत उजियारा।' इस चौपाई का अर्थ है कि हनुमानजी इकलौते ऐसे देवता हैं, जो हर युग में किसी न किसी रूप गुणों के साथ जगत के लिए संकटमोचक बनकर मौजूद रहेंगे। शास्त्रों में कहा गया है कि हनुमानजी की सेवा करने और उनका व्रत रखने से उनकी विशेष कृपा अपने भक्तों पर बनी रहती है। जानिए मंगलवार की व्रत कथा और पूजन विधि।

### हनुमानजी का व्रत करने का लाभ

ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार, हनुमानजी का व्रत करने से कुंडली में मौजूद सभी ग्रह शांत हो जाते हैं और उनकी अशीम कृपा प्राप्त होती है। अपने भक्तों पर आने वाले हर संकट को हनुमानजी दूर करते हैं। संतान प्राप्ति के लिए हनुमानजी का व्रत फलदायी माना जाता है। इस व्रत को करने से भूत-प्रेत और काली शक्तियों का प्रभाव नहीं पड़ता है। मंगलवार का व्रत करने से सम्मान, साहस और पुरुषार्थ बढ़ता है।

### मंगलवार पूजन विधि

हनुमानजी का व्रत लगातार 21 मंगलवार करना चाहिए। मंगलवा के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान वगैरह से निवृत्त होकर सबसे पहले हनुमानजी का ध्यान करें और व्रत का संकल्प करें। इसके बाद ईशान कोण की दिशा (उत्तर-पूर्व कोने) में किसी एकांत स्थान पर हनुमानजी की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। फिर गंगाजल के छीटें देकर उनका लाल कपड़ा धारण कराएं। फिर पुष्प, रोली और अक्षत के छीटें दें। इसके बाद चमेली के तेल का दीपक जलाएं और तेल की कुछ छीटें मूर्ति या तस्वीर पर डाल दें।

इसके बाद हनुमानजी फूल अर्पित करें और अक्षत व फूल हाथ में रखकर उनकी कथा सुनें और हनुमान चालिसा और सुंदरकांड का पाठ भी करें। इसके बाद आप भोग लगाएं और अपनी मनोकामना बाबा से कहें और प्रसाद सभी में वितरण कर दें। अगर संभव हो सके तो दान जरूर करें। शाम के समय भी हनुमान मंदिर जाकर चमेली के तेल का दीपक जलाएं और सुंदरकांड का पाठ करें और उनकी आरती करें। 21 मंगलवार के व्रत होने के बाद 22वें मंगलवार को विधि-विधान के साथ बजरंगबली का पूजा कर उन्हें चोला चढ़ाएं। उसके बाद 21 ब्राह्मणों को बुलाकर उन्हें भोजन कराएं और क्षमतानुसार दान-दक्षिणा दें।


### मंगलवार व्रत कथा

एक समय की बात है एक ब्राह्मण दंपत्ति प्रेमभाव से साथ-साथ रहते थे लेकिन उनकी कोई संतान ना होने के कारण दुखी रहते थे। ब्राह्मण हर मंगलवार के वन जाकर हनुमानजी की पूजा करने जाता था और संतान की कामना करता था। ब्राह्मण की पत्नी भी हनुमानजी की बहुत बड़ी भक्त थी और मंगलवार का व्रत रखती थी। वह हमेशा मंगलवार के दिन हनुमानजी का भोग लगाकर ही भोजन करती थी। एक बार व्रत के दिन ब्राह्मणी भोजन नहीं बना पाई, जिससे हनुमानजी का भोग नहीं लग सका। तब उसने प्रण किया कि वह अगले मंगलवार को हनुमानजी को भोग लगाकर ही भोजन करेगी। वह छह दिन तक भूखी-प्यासी रखी और मंगलवार के दिन व्रत के दौरान बेहोश हो गई।

ब्राह्मणी की निष्ठा और लगन को देखकर हनुमानजी बहुत प्रसन्न हुए और आशीर्वाद के रूप में एक संतान दी और कहा कि यह तुम्हारी बहुत सेवा करेगा। संतान पाकर ब्राह्मणी बहुत प्रसन्न हुई और उसने बालक का नाम मंगल रखा। कुछ समय बाद जब ब्राह्मण घर आया, तो घर में बच्चे की आवाज सुनाई दी और अपनी पत्नी से पूछा कि आखिर यह बच्चा कौन है? ब्राह्मणी की पत्नी ने कहा कि हनुमानजी ने व्रत से प्रसन्न होकर अपने आशीर्वाद के रूप में यह संतान हम दोनो की दी है। ब्राह्मण को अपनी पत्नी की इस बात पर विश्वास नहीं हुआ। एक दिन जब ब्राह्मणी घर पर नहीं थी तो ब्राह्मण ने मौका देखकर बच्चे को कुएं में गिरा दिया।

### अजब-गजब हनुमान, पंचायत में करते हैं फैसला, उतारते हैं प्रेम का भूत

जब ब्राह्मणी घर लौटी तो उसने मंगल के बारे में पूछा। तभी पीछे से मंगल मुस्कुरा कर आ गया और ब्राह्मण बच्चे को देखकर आश्चर्य चकित रह गया। रात को हनुमानजी ने ब्राह्मण को सपने में दर्शन दिए और बताया कि यह संतान तुम्हारी है। ब्राह्मण सत्य जानकर बहुत खुश हुआ। इसके बाद ब्राह्मण दंपत्ति प्रत्येक मंगलवार को व्रत रखने लगे। शास्त्रों के अनुसार, जो भी मनुष्य मंगलवार व्रत और कथा पढ़ता या सुनता है, उसे हनुमानजी की विशेष कृपा प्राप्ति होती है। उसके सभी कष्ट दूर होते हैं और हनुमानजी की दया के पात्र बनते हैं।



# खरमास में क्या करें और क्या नहीं करना चाहिए

सूर्य के धनु राशि में प्रवेश से एक माह के लिए खरमास का प्रारंभ हो जाता है। 16 दिसंबर 2023 शनिवार से खरमास प्रारंभ हो रहा है। उल्लेखनीय है कि खर का अर्थ होता है गधा अर्थात सूर्यदेव के रथ में घोड़ो की बजाए गधे जोत दिया जाते हैं जिसके चलते एक माह के लिए सूर्यदेव की गति धीमी हो जाती है। इस माह में क्या करें और क्या नहीं यह जरूर जानें।

**क्या नहीं करें :** खरमास को मलमाल भी कहते हैं इस दौरान मांगलिक कार्य नहीं करते हैं। मलमास में नामकरण, विद्या आरंभ, कर्ण छेदन, अन्न प्राशन, उपनयन संस्कार, विवाह संस्कार, गृहप्रवेश तथा वास्तु पूजन आदि मांगलिक कार्यों को नहीं किया जाता है।

**क्या करें :** इस माह में अपने अराध्य देव की अराधना करें। सूर्यदेव को अर्घ्य दें। तिल, वस्त्र और अनाज का दान करें। गाय को चारा खिलाएं। गंगा, यमुना आदि पवित्र नदियों में स्नान करें। बृहस्पति का उपवास करें और उपाय भी करें। गुरुवार को मंदिर में पीली वस्तुएं दान करें।

धनु संक्रांति के दिन सत्यनारायण की कथा का पाठ किया जाता है। तत्पश्चात देवी लक्ष्मी, शिव जी तथा ब्रह्मा जी की आरती की जाती है और चरणामृत का प्रसाद चढ़ाया जाता है। भगवान श्री विष्णु की पूजा में केले के पत्ते, फल, सुपारी, पंचामृत, तुलसी, मेवा आदि का भोग तैयार किया जाता है। साथ ही इस दिन मीठे व्यंजन बनाकर भगवान का भोग लगाया जाता है।

# किस देवी-देवता के सामने कौन सा दीपक जलाना होता है शुभ

सनातन धर्म में पूजा-पाठ करना काफी अहम माना जाता है। पूजा-अर्चना के जरिए व्यक्ति भगवान के प्रति अपनी भावना और आस्था को दर्शाता है। मान्यता के अनुसार, पूजा करने से व्यक्ति के अंतरात्मा का शुद्धिकरण होता है। साथ ही इससे आस्था, विश्वास और शक्ति प्राप्त होती है। भगवान की पूजा करने से पहले हम सभी को पूजा-पाठ के कुछ नियमों का पालन करना जरूरी होता है। जिससे की इष्ट देव की पूजा करने में किसी तरह की परेशानी न आए।

पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति का आध्यात्मिक भाव बढ़ता है। वहीं भगवान की पूजा में दीपक जलाए जाने का खास महत्व होता है। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी होता है कि कौन से देवी-देवता को किस प्रकार का दीपक जलाना शुभ होता है। यह भगवान के सामने दीपक में लगाई जाने वाली बत्तियों पर निर्भर करता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस प्रकार का दीपक जलाना शुभ होता है। साथ ही यह भी जानेंगे कि इससे क्या लाभ होता है।

**एक मुखी दीपक-** पूजा के दौरान दीपक जलाना शुभ माना जाता है। अपने इष्टदेव की पूजा के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। इस दीपक में बत्ती का उपयोग किया जाता है। जब आप किसी देवी-देवता की पूजा करते हैं, तो इस दौरान एक मुखी दीपक का इस्तेमाल करना शुभ माना जाता है।

**दो मुखी दीपक-** इसके साथ ही मां दुर्गा की पूजा के लिए दो मुखी दीपक जलाना चाहिए। इससे मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और जातक को मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**तीन मुखी दीपक -** हिंदू धर्म में भगवान श्री गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। भगवान गणेश की पूजा के दौरान तीन मुखी दीपक जलाना चाहिए। इससे वह जल्दी प्रसन्न होते हैं।

**चौमुखी दीपक-** बाबा काल भैरव की पूजा के दौरान सरसों के तेल का चौमुखी दीपक जलाना शुभ माना जाता है।

**पांच मुखी दीपक-** बता दें कि भगवान भोलेनाथ के पुत्र कार्तिकेय की पूजा में पांच मुखी बत्ती का उपयोग करना चाहिए। इस तरह से देव कार्तिकेय की पूजा करने से जातक को कोर्ट-कचहरी के मामले में विजय प्राप्त होती है।

**सात मुखी दीपक-** सात बत्तियों वाले दीपक का उपयोग लक्ष्मी पूजन में करना चाहिए। मां लक्ष्मी को धन की देवी कहा जाता है। इससे जातक की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है।

**आठ मुखी या बारह मुखी दीपक-** कहा जाता है कि भगवान शिव को प्रसन्न करना बेहद आसान होता है। इसलिए उन्हें भोलेनाथ भी कहा जाता है। ऐसे में महादेव की पूजा के दौरान आठ या बारह बत्ती वाले दीपक का उपयोग करना चाहिए।

**सोलह मुखी दीपक -** भगवान श्रीहरि विष्णु को सृष्टि का पालनहार कहा जाता है। ऐसे में उनकी पूजा के लिए 16 बत्तियों वाले दीपक का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



# वास्तु शास्त्र में तांबा का चमत्कारी प्रभाव, जाने कैसे करें इस्तमाल

वैज्ञानिक तौर पर तांबा शरीर के लिए उपयोगी माना गया है, लेकिन आज हम आपको बता रहें है कैसे ज्योतिषशास्त्र के अनुसार तांबा आपके जीवन की परेशानियों को दूर कर सकता है। तांबे की शुद्धता को ध्यान में रखते हुए इसे धारण किया जा सकता है। आइये जानते है तांबा पहनने के क्या फायदे होते है....

-अगर आपके घर में वास्तुदोष है जिसके कारण आपके और आपके परिवार के सदस्यों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वास्तु के अनुसार अपने घर में एक चौकोर तांबे का टुकड़ा रखें। ऐसा करने से आपका घर वास्तुदोष से मुक्त होगा।



-अगर आपने घर बनवाते समय वास्तु के नियमों को ध्यान में नहीं रखा है और आपके घर का मुख्य द्वार वास्तु के अनुसार नहीं है तो अपने दरवाजे के वास्तुदोष को दूर करने के लिए दरवाजे पर तांबे के सिक्के लटका दें। ये सिक्के आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नहीं होने देंगे।


-अगर आपके घर की दक्षिण दिशा में दोष है तो आप इस दिशा के दोष से छुटकारा पाने के लिए ठोस तांबे का पिरामिड घर में रखें। इसे घर में रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

-छोटे बच्चे को अगर बार-बार नजर लग जाती है तो आप अपने बच्चे को एक तांबे के सिक्के में छेद करके उसे काले धागे में पिरोकर बच्चे को पहनाएं। ऐसा करने से आपका बच्चा किसी की बुरी नजर से सुरक्षित रहेगा।

-तांबे की अंगूठी पहने से व्यक्ति के सूर्य दोष दूर होते हैं। इसलिए अगर कमजोर सूर्य के कारण जीवन में परेशानियां आप कम नहीं कर पा रहे तो ऐसे में यह अंगूठी पहनें। बहुत जल्द आपको इसका असर दिखेगा, आपको मान-सम्मान और प्रसिद्धि मिलेगी।

-तांबे की अंगूठी गुस्सा नियंत्रण करने में कारगर है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह शांत प्रकृति का है और गर्मी दूर करता है। इसलिए व्यक्ति के मानसिक स्थिति को संतुलित कर गुस्सा शांत करता है।

-आश्चर्यजनक रूप से तांबे का प्रयोग आपको वास्तु दोषों से भी दूर रखता है। शुद्धक होने के कारण आप अगर इसे किसी भी रूप में शरीर पर धारण करते हैं तो यह आपको वास्तु दोषों के प्रभाव से मुक्त करता है।



# समुद्र का पानी क्यों हुआ खारा, जुड़ा है मां पार्वती से नाता

हिंदू धर्म में शिव पुराण को बहुत ही खास माना जाता हैं। वहीं शास्त्रों में इस बात का वर्णन मिलता है पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाराजा पृथु के पुत्रों ने जब समुद्रों का निर्माण किया था तो सातों समुद्र मीठे और दूध जैसे द्रव्यों के थे। लेकिन वर्तमान में दुनियाभर में जितने भी समंदर हैं वो सभी खारे पानी के हैं। आखिर समुद्र का पानी खारा क्यों होता है इसके पीछे एक पौराणिक कथा छुपी हुई है आइए जानते है इस कथा के बारे में....

शिव पुराण के मुताबिक एक बार देवी माता पार्वती शिव को पाने के लिए घोर तपस्या कर रही थी। उनकी तपस्या का तेज इतना था कि देवलोक में बैठे देवताओं का सिहांसन डोलने लगा। इससे देवता भयभीत हो गए। जब सभी देवता इस समस्या को हल करने में जुटे थे उसी वक्त समुद्र देव माता पार्वती के स्वरूप को देखकर मोहित हो गए।

### समुद्र ने भगवान शिव को कहा था बुरा भला


जब माता पार्वती की तपस्या पूरी हो गई तब समुद्र देव ने उनसे विवाह करने की इच्छा जताई। इस संबंध में उन्होंने मां पार्वती के पास विवाह का प्रस्ताव भी रखा। यह सुनकर माता पार्वती ने समुद्र देव से कहा कि वे कैलाशपति भगवान शिव से प्रेम करती हैं और उन्हें अपना पति परमेश्वर मान चुकी हैं। जब समुद्र देव ने यह सुना तो उन्हें गुस्सा आ गया। वे भगवान शिव के लिए भलाबुरा कहने लगे। उन्होंने क्रोध में आकर कहा, 'उस भस्माधारी आदिवासी में ऐसा क्या है, जो मुझमें नहीं है, मैं सभी मनुष्यों की प्यास बुझाता हूं, मेरा चरित्र दूध की तरह सफेद है। हे पार्वती! मेरा विवाह प्रस्ताव स्वीकार करें।'

### क्रोध में आकर मां पार्वती ने दिया श्राप

माता पार्वती ने जब अपने सामने भोलेनाथ का तिरस्कार होते हुए देखा तो उन्हें सहन नहीं हुआ। उन्हें समुद्र देव के ऊपर क्रोध आ गया। उन्होंने समुद्र देव को शाप देते हुए कहा, जिस मीठे पानी पर तुमको घमंड है, वह खारा हो जाएगा। खारे पानी की वजह से तुम्हारा जल मनुष्य ग्रहण नहीं कर पाएंगे। मां पार्वती के उस श्राप के कारण समुद्र का जल खारा हो गया। एक पौराणिक कथा यह भी है कि जब समुद्र हुआ था, तब मंथन के प्रभाव से भी समुद्र जल खारा हो गया था।

## घर में खुशियां भर देता है स्वास्तिक

हर व्यक्ति यह सोचता है कि उसका घर खुशियों से भरा रहे। इन खुशियों के लिए लोगा काफी प्रयत्न किया करते हैं। लेकिन लोग पुराने धर्म कर्म को पूरी तरह से भुला देते हैं। जी हां इन में से ही एक है स्वस्तिक। स्वस्तिक का आविष्कार आर्यों ने किया और पूरे विश्व में यह फैल गया। आज स्वस्तिक का प्रत्येक धर्म और संस्कृति में अलग-अलग स्थ्र में इस्तेमाल किया गया है। कुछ धर्म, संगठन और समाज ने स्वस्तिक को गलत अर्थ में लेकर उसका गलत जगहों पर इस्तेमाल किया है तो कुछ ने उसके सकारात्मक पहलू को समझा। स्वस्तिक को भारत में ही नहीं, अपितु समुचे विश्व के कई देशों में विभिन्न स्वस्थ्रों में मान्यता प्राप्त है। जर्मनी, यूनान, फ्रांस, रोम, मिस्त्र, ब्रिटेन, अमरीका, स्कैण्डिनेविया, सिसली, स्पेन, सीरिया, तिब्बत, चीन, साइप्रस और जापान आदि देशों में भी स्वस्तिक का प्रचलन किसी न किसी रूप में देखने को मिल ही जाता है। हिदू धर्म में स्वस्तिक को शक्ति, सौभाग्य, समृद्धि और मंगल का प्रतीक माना जाता है। हर मंगल कार्य में इसको बनाना शुभ माना जाता है। स्वस्तिक का बायां हिस्सा गणेश की शक्ति का स्थान बीजमंत्र होता है। इसमें जो चार बिंदियां होती हैं, उनमें गौरी, पृथ्वी, कच्छप और अनंत देवताओं का वास होता है। इस मंगल-प्रतीक का गणेश की उपासना, धन, वैभव और ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी के साथ, बही-खाते की पूजा की परम्परा आदि में विशेष महत्व है। घर के वास्तु को ठीक करने के लिए स्वस्तिक का प्रयोग किया जाता है। स्वस्तिक के चिन्ह को भाग्यवर्धक वस्तुओं में गिना जाता है। स्वस्तिक के प्रयोग से घर की नकारात्मक ऊर्जा बाहर चली जाती है। इसकी चारों दिशाओं के अधिपति देवताओं, अग्नि, इंद्र, वरुण एवं सोम की पूजा हेतु तथा सप्तऋषियों के आशीर्वाद को प्राप्त करने में प्रयोग किया जाता है। यह चारों दिशाओं और जीवन चक्र का भी प्रतीक है।



# ऐश्वर्या ने दी आर्चीज पर प्रतिक्रिया, अगस्त्य नंदा-सुहाना की फिल्म को बताया

जोया खान की द आर्चीज आखिरकार सात दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के जरिए कई स्टार किड्स ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। फिल्म को देखकर कई सितारों ने नए कलाकारों की तारीफ की और अपनी प्रतिक्रिया साझा की। द आर्चीज के स्क्रीनिंग के समय पूरा बच्चन परिवार इवेंट में शामिल हुआ था। इस दौरान उन सभी से फिल्म के लिए पहली प्रतिक्रियाएं पूछी गईं और सभी ने अपनी राय सामने रखी। द आर्चीज के जरिए बच्चन परिवार का सदस्य यानी अमिताभ बच्चन के नातिन अगस्त्य नंदा को बतौर अभिनेता लॉन्च किया गया है। इस पर पूरा बच्चन परिवार खुश है। पुरानी यादों को महसूस करते हुए अभिषेक बच्चन ने कहा, यह हमें समय में पीछे ले गया। सभी ने आर्चीज को पढ़ने के लिए समूह बनाया और हमें अपनी युवावस्था में वापस ले जाया गया। वहीं ऐश्वर्या राय बच्चन ने कहा, पूरी टीम को अद्भुत और बहुत-बहुत बधाई। वहीं स्क्रीनिंग के दौरान ऋतिक रोशन भी मौजूद थे। जोया अख्तर की प्रशंसा करते हुए ऋतिक रोशन ने कहा, इतना अच्छा, इतनी मिठास, ईमानदारी, संगीत, मुझे यह पसंद आया। मै नाच रहा था। वहीं, सुहाना खान की सबसे अच्छी दोस्त और अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कहा, यह बहुत प्यारी फिल्म थी। मुझे उम्मीद है कि हर कोई इसे देखेगा। यह बहुत प्यार से भरा है, मैं अब आर्चीज फिल्म में होना चाहती हूं। फिल्म की स्क्रीनिंग पर कई अन्य लोग भी मौजूद थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म के बारे में अपनी राय साझा की। एक लंबे नोट में जान्हवी कपूर ने अपनी छोटी बहन के प्रदर्शन की समीक्षा की और लिखा, उनके पास मेरा दिल है। और यह केवल उस गर्मजोशी, ईमानदारी और आकर्षण के कारण है, जो आपने उन्हें दिया है। वहीं करण जौहर ने भी लंबा नोट साझा करते हुए पूरी आर्चीज टीम की तारीफ की थी।



# सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ होगी मेघना की अगली फिल्म, दहलेगा दर्शकों का दिल

मेघना गुलजार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म सैम बहादुर को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। विक्की कौशल स्टारर इस फिल्म को दर्शकों की तरह से खूब प्यार मिल रहा है। वहीं सैम बहादुर के बाद अब मेघना ने अपनी अगली फिल्म के लिए कमर कस ली है। प्राप्त समाचारों के अनुसार अब उनकी अगली फिल्म सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ बनने जा रही है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीबी सूत्र ने बताया है कि पिछले कुछ समय से दोनों अपने इस अपकमिंग प्रोजेक्ट पर चर्चा कर रहे हैं। फिल्म की कहानी एक भयानक सच्ची घटना पर आधारित होगी, जो देश के लोगों का दिल दहला देगी। मेघना इस कहानी को बड़े पर्दे पर बेहद ही भावुकता के साथ पेश करेंगी, जो फैंस के लिए सरप्राइजिंग होगी। सूत्रों के अनुसार, अगले साल 2024 से फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। फिल्म की सारी रिसर्च हो पूरी हो चुकी है। फिलहाल मेघना स्क्रिप्ट को फाइनल टच देने की कोशिश में है। वहीं मेघना गुलजार की इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा के अपोजिट जाह्नवी कपूर नजर आ सकती हैं। हांलाकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इस फिल्म का अनाउंसमेंट नहीं हुई है। वहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा के वर्कफ्रंट पर बात करें तो पाइपलाइन में कई सारी फिल्में हैं। सिद्धार्थ बहुत जल्द फिल्म 'योद्धा' में भी नजर आने वाले हैं, जो करण जौहर के प्रोडक्शन की फिल्म है। इसके अलावा सिद्धार्थ रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' में भी नजर आने वाले हैं, अगले साल 2024 में ही रिलीज होगी।



# रेड कार्पेट पर अपने ट्रिपिंग का वीडियो साझा होने पर भड़कीं गौहर

बॉलीवुड अभिनेत्री गौहर खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस संग अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट भी साझा करती रहती हैं। अभिनेत्री इन दिनों एक टीवी रिएलिटी शो को होस्ट करती नजर आ रही हैं। अब हाल ही में, गौहर की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस वीडियो में लोग अभिनेत्री को काफी ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में, गौहर खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिनेत्री किसी पुरस्कार समारोह में रेड कार्पेट पर नजर आ रही हैं। इस वीडियो में गौहर लड़खड़ाते हुए रेड कार्पेट पर चलती नजर आ रही हैं। अब अभिनेत्री का यह अंदाज देख सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है। इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, बच्चा पैदा करने के बाद मैडम चलना भूल गई हैं। दूसरे यूजर ने लिखा, यह लोग फैशन के नाम पर केवल कपड़े पहनकर आ जाते हैं। इन्हें चलने का ढंग नहीं है। वहीं, एक यूजर के कमेंट ने तो इंटरनेट पर विवाद ही खड़ा कर दिया। यूजर ने कमेंट करते हुए कहा, गिर जाती तो मजा ही आ जाता। गौहर को यह पसंद नहीं आया और उन्होंने मशहूर हस्तियों के कमजोर पलों से पैसा कमाने के लिए नेटीजंस की आलोचना की। गौहर ने कहा, आप लोग सबसे कमजोर क्षणों में लोगों को कैद कर ट्रोल करना चाहते हैं। ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ भी करना। ऐसी रिपोर्टिंग पर शर्म आती है। हम आपके फोटोग्राफरों की मदद करते हैं जब वे हमारे पीछे चलते हैं और आप जो कुछ भी करते हैं वह केवल उस क्षण का उपयोग करना होता है जब आपको हमारी कमजोरियों को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है।

# पुष्पा एक्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## गर्लफ्रेंड को आत्महत्या के लिए उकसाने का लगा आरोप



साउथ फिल्म पुष्पा को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन ने पुष्पा और रश्मिका मंदाना ने श्रीवल्ली का किरदार निभाया था। फैंस इस फिल्म के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच पुष्पा मूवी के एक एक्टर को लेकर हैरान करने वाली खबर सामने आई है। पुष्पा मूवी में अल्लू अर्जुन के कोस्टार जगदीश प्रताप भंडारी को अपनी एक जूयिर आर्टिस्ट को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जगदीश को हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मृतका के परिवार ने जगदीश पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। खबरों के अनुसार यह जूनियर आर्टिस्ट जगदीश की गर्लफ्रेंड भी थीं। वह काफी समय से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ लिव-इन में रह रहे थे। 29 नवंबर को उनकी गर्लफ्रेंड ने आत्महत्या कर ली थी। लड़की के घर वालों ने उनकी मौत के लिए जगदीश को जिम्मेदार बताया। बताया जा रहा है कि पुलिस अधिकारियों को मृतका के फोन में इस मामले से जुड़े सबूत मिले हैं। खबरों के अनुसार 27 नवंबर को जगदीश ने चोरी से गर्लफ्रेंड की एक वीडियो क्लिप बनाई थी, जिसमें वह किसी अन्य व्यक्ति के साथ थीं। इसे दिखाकर वो उसको ब्लैकमेल कर रहा था।



# मंसूर अली खान ने तृषा कृष्णन, चिरंजीवी और खुशबू सुंदर को भेजा मानहानि नोटिस

लियो में एक साथ नजर आ चुके अभिनेता मंसूर अली खान और अभिनेत्री तृषा कृष्णन कॉन्ट्रोवर्सी में लगातार ट्विस्ट और टर्न्स सामने आ रहे हैं। कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर तृषा को लेकर दिए आपत्तिजनक बयान के बाद जब मंसूर को ट्रोल किया गया तो उन्होंने माफी मांग ली थी। लेकिन अब उन्होंने अपने एक्शन से एक बार फिर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने तृषा, चिरंजीवी और खुशबू सुंदर के खिलाफ एक्शन लिया है और मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया है। शिकायत की कॉपी सोशल मीडिया पर सामने आई है।

## क्या है मामला?

ज्ञातव्य है कि मंसूर अली खान और तृषा कृष्णन ने विजय थलापति की फिल्म लियो में एक साथ काम किया था। फिल्म प्रदर्शन के बाद मंसूर ने अपने एक बयान में कहा कि- जब मुझे पता चला कि मुझे तृषा के साथ अभिनय करना है तो मुझे लगा कि तृषा के साथ मेरा बेड सीन होगा। मैंने सोचा मैं उसे उसी तरह बेडरूम में ले जाऊंगा जैसे अन्य एक्ट्रेस को ले जाता हूं। मैंने कई रेप सीन्स पहले भी किए हैं ये कोई नया नहीं है। लेकिन कश्मीर में शूटिंग के दौरान इन लोगों ने मुझे तृषा को नहीं दिखाया।

## खूब मचा बवाल फिर मांगी माफी

मंसूर अली खान का तृषा को लेकर दिया गया ये बयान किसी को रास नहीं आया और सोशल मीडिया पर उन्हें खूब ट्रोल किया गया। दक्षिण भारत फिल्मद्योग भी तृषा के समर्थन में उतरा। चिरंजीवी और खुशबू सुंदर जैसे स्टार्स ने तृषा का सपोर्ट किया और मंसूर की क्लास लगाई। इसके बाद से ही मामला गर्माया हुआ है। लगातार ट्रोल होने के बाद खुद मंसूर अली खान ने तृषा से माफी भी मांगी। लग रहा था कि मामला यहां पर खत्म हो जाएगा तभी एक नया मोड़ आ गया। अब मंसूर ने यूटर्न लेते हुए एक बार फिर सभी को चौंका दिया है। फिलहाल अभी इस नोटिस पर तृषा कृष्णन की तरफ से कोई भी रिएक्शन सामने नहीं आया है। लियो फिल्म की बात करें तो इसमें विजय थलापति लीड रोल में थे और तृषा कृष्णन उनके अपोजिट नजर आई थीं। फिल्म ने रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 612 करोड़ का रहा था।

# स्प्लिट्सविला फेम सुबुही जोशी के साथ बीमा कंपनी ने की धोखाधड़ी



एक्ट्रेस सुबुही जोशी ने हाल ही में एक वीडियो रिलीज किया और बताया कि उनके साथ एक बीमा कंपनी ने धोखाधड़ी की है। सुबुही इंस्टा पर लाइव आईं और बताया कि उनके साथ बड़ी धोखाधड़ी हुई है। उन्होंने अपने साथ अस्पताल में हुई हरकतों के बारे में भी बात की, जो बेरहम थीं। एक्ट्रेस सुबुही जोशी टीवी इंडस्ट्री में अपनी एक्टिंग और कॉमेडी टाइमिंग के लिए जानी जाती हैं। खुशमिज़ाज़ एक्ट्रेस को हाल ही में एक मुश्किल समय से गुज़रना पड़ा जब उन्हें खराब स्वास्थ्य के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक लाइव सेशन के जरिए बीमा कंपनियों के साथ अपने बुरे अनुभव को शेयर किया और फैंस को सचेत किया। एक्ट्रेस सुबुही जोशी हाल ही में एक बीमा कंपनी के बारे में अपनी आपबीती शेयर करने के लिए लाइव हुईं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उनकी तबीयत खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जबकि उनकी बीमा कंपनी ने अस्पताल के बिलों को कवर करने से इनकार कर दिया था।

**सुबुही जोशी ने खोला बीमा कंपनियों का कच्चा-चिट्ठा**

एक्ट्रेस ने शेयर किया कि, किसी भी आम आदमी की तरह, उन्हें स्वास्थ्य बीमा के महत्व के बारे में बताया गया था और इसलिए उन्होंने एक बीमा खरीदा और प्रीमियम का भुगतान किया। उन्होंने एक घटना बताई जहां उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन बीमा कंपनी ने उनके बिलों का भुगतान करने से इनकार कर दिया।

**बीमा कंपनी ने की धोखाधड़ी**

अपने कैशलेस बीमा कार्ड के जरिए उनका इरादा अस्पताल का बकाया चुकाने का था। हालांकि, बीमा कंपनी ने यह कहते हुए फॉर्म को अस्वीकार कर दिया कि सुबुही के पास कोई इमरजेंसी मामला नहीं है। सुबुही ने कहा, अस्पताल ने बीमा कंपनी को दोबारा फॉर्म भेजा और उन्हें बताया कि यह एक इमरजेंसी थी क्योंकि मेरा हार्ट बीट बढ़ रहा था। हालांकि, बीमा कंपनी ने उनकी सेवाओं से इनकार कर दिया।

**कैनुला हटाने को तैयार नहीं थे कर्मचारी**

आंसुओं पर काबू पाते हुए, सुबुही ने बताया कि कैसे अस्पताल के कर्मचारी भी असभ्य थे क्योंकि उन्होंने उनसे कैनुला हटाने के लिए कहा था क्योंकि इससे उन्हें दर्द हो रहा था। अस्पताल के कर्मचारियों ने उनसे कहा कि इसे तभी हटाया जाएगा जब वह बिल का भुगतान कर देंगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में यह सब झेलते समय वह बिल्कुल अकेली थीं और 10 साल में पहली बार उन्हें लगा कि मुंबई उनका घर नहीं है। उन्होंने कहा, काश मैं अपने परिवार के साथ अपने घर पर होती।



# अदा खान ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में किया पोस्ट

टेलीविजन अभिनेत्री अदा खान, जो इन दिनों छुट्टियों पर हैं, ने सोशल मीडिया पर अपने रिलेशनशिप स्टेटस की पुष्टि की है। अदा ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह एक रेस्तरां में बैठी हैं, और कुछ पास्ता और मिठाइयां खा रही हैं। वह नारंगी रंग के कपड़ों में अपने भोजन का आनंद लेती नजर आ रही हैं। उन्होंने मुलायम कर्ल और न्यूनतम मेकअप के साथ अपना लुक पूरा किया है। उन्होंने वीडियो को कैप्शन दिया. रिलेशनशिप स्टेटस- खाने के साथ डेट पर। क्लिप में फिल्म हर दिल जो प्यार करेगा का गाना आते जाते जो मिलता है भी है, जो 2000 में रिलीज़ हुई थी। यह गाना सलमान खान और प्रीति जिंटा पर फिल्माया गया है। अदा को बहनें, अमृत मंथन और नागिन जैसे शो में उनके काम के लिए जाना जाता है। उन्होंने स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 10. में भी भाग लिया है।

# योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही लक्ष्य : बृजेश सिंह

**नोएडा (चेतना मंच)।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के छठे दिन महिला क्रीड़ा स्थल छिजरसी, सेक्टर-63 और ममूरा बारात घर सेक्टर-66 में कार्यक्रम हुआ।




इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। यही प्रधानमंत्री मोदी की सोच है। इसी के चलते इस यात्रा की शुरुआत की गई है। देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को हमारी सरकार की किसी न किसी योजना का जरूर लाभ मिला है... और जब ये लाभ मिलता है, तो एक विश्वास बढ़ता है. जिंदगी जीने की एक नई ताकत आ जाती है।

सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने इस मौके पर कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी को लेकर जो उत्साह गांव-गांव में दिख रहा है, हिंदुस्तान के कोने-कोने में दिख रहा है, चाहे उत्तर हो, दक्षिण हो, पूरब हो, पश्चिम हो... बहुत ही छोटा गांव या बड़ा गांव हो, लोग गाड़ी को खड़ी करके सारी जानकारियां लेते हैं।

यात्रा में मोबाइल वैन पर एलईडी स्क्रीन, आडियो विजुअल सामग्री ब्रोशर, बुकलेट आदि सज्जित है। कार्यक्रम का संयोजन महामंत्री उमेश त्यागी ने किया।

कार्यक्रम में ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष बबलू यादव, अशोक मिश्रा, देवेंद्र शर्मा, जुगराज चौहान, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, गिरजा सिंह, युद्धवीर चौहान, महेश अवाना, गिरीश कोटनाला, चंदगिराम यादव, तन्मय शंकर, विनोद शर्मा, उमेश यादव, सुचित्रा कक्कड़, रवि यादव, प्रमोद बहल, एसपी चमोली, मुकेश शर्मा, ओमवीर अवाना, राम निवास यादव, मनोज चौहान, राजकुमार झा, रवि मिश्रा, विवेक सहित जिला व मंडल के अन्य पदाधिकारगण उपस्थित रहे।

# सुपरटेक पर 1.23 करोड़ रुपये का थोपा जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने सुपरटेक बिल्डर पर बहुत बड़ी कार्यवाही की है। यूपीपीसीबी ग्रेटर नोएडा ने सुपरटेक डेवलपर पर एक करोड़ 23 लाख रूपये का जुर्माना लगाया है।

सुपरटेक बिल्डर के ग्रेटर नोएडा में कई परियोजनाएँ हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट सेक्टर-1 स्थित प्लॉट संख्या GH08 पर सुपरटेक इकोविलेज-1 परियोजना स्थित है। बिल्डर ने सोसाइटी में 5200 से ज्यादा फ्लैटों का कब्जा दे दिया है, 4500 से ज्यादा फ्लैटों में लोग रहते हैं। परन्तु, बिल्डर ने परियोजना में जरूरत के हिसाब से एसटीपी नहीं बनाया। जबकि नियमों के मुताबिक सोसाइटी में जरुरत के हिसाब से एसटीपी होना अनिवार्य है।

परियोजना में दो एसटीपी प्लांट बनने थे लेकिन बिल्डर ने एक ही एसटीपी बनाया जो सोसाइटी के जनसंख्या के लिए पर्याप्त नहीं है। पर्याप्त संख्या में एसटीपी ना होने की वजह से बिल्डर द्वारा विभिन्न आउटलेट के जरिये एसटीपी का अशोधित पानी बरसाती नाले में प्रवाहित किया जाता है।

उत्तर प्रदश प्रदूषण नियंत्रण विभाग ग्रेटर नोएडा के क्षेत्रीय अधिकारी डी के गुप्ता ने बताया कि सुपरटेक इकोविलेज-1 द्वारा एसटीपी का अशोधित पानी खुले नाले मे बहाए जाने कि शिकायत जनसुनवाई, ईमेल और ट्विटर के माध्यम से प्राप्त हुई थी। शिकायत उपरांत शिकायतकर्ता, बिल्डर प्रतिनिधि एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीवर विभाग के प्रबंधक के साथ उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग, ग्रेटर नोएडा कि टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण और लैब जांच की रिपोर्ट के आधार पर सुपरटेक परियोजना पर 1 करोड़ 23 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

बता दें कि सुपरटेक इकोविलेज-1 में पहले भी कई बार एसटीपी का अशोधित पानी खुले नाले में डालने पर जुर्माने लग चुके हैं। जुलाई 2023 में प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने डीजल जेनेरटर पर चिमनी नहीं होने की वजह से 5 लाख का जुर्माना लगाया था। मार्च 2022 मे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एसटीपी का अशोधित पानी नाले मे डालने पर एक करोड़ का जुर्माना लगाया था।

# 'पीडीए की एकता हरायेगी भाजपा को'

**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) का नारा दिया है जिसको लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने सपा नेता हैप्पी पंडित के नेतृत्व में साइकिल यात्रा का आयोजन किया।




साइकिल यात्रा को विपिन सेन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हैप्पी पंडित ने कहा पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक की एकता ही भाजपा को हराएगा।

महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं बलात्कार से उत्तर प्रदेश में जंगल राज कायम हो चुका है। जनता 2024 में पूरा मन बना चुकी है।

इस मौके पर मुख्य रूप से प्रतीक भाटी, बबली, गोविंद सरपंच, केशव पंडित सिंह की गुर्जर सौरभ नगर से खान टिल्लू भाई संदीप सेन ऋतिक वाल्मीकि जेपी यादव ओमवीर नगर दीपक नगर काका नीरज तंवर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नोएडा में शुरू हुआ गारमेंट शो ऑफ इंडिया

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर सेक्टर-62 स्थित एक्सपो सेंटर में गारमेंट शो ऑफ इंडिया की सोमवार से शुरूआत हो गई है। प्रदर्शनी में नोएडा तथा अन्य स्थानों के परिधान समूहों से 100 से अधिक निर्माताओं ने भाग लिया। 100 से अधिक उत्पाद श्रेणियां जिनमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए नवीनतम उच्च फैशन परिधान शामिल हैं।

शो का उद्घाटन फलाबेला की कंट्री मैनेजर अल्पना राजदान, आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव बंसल व सोर्सिंग कंसल्टेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल ढींगरा और आईएलपीए के अध्यक्ष जगदीश गुलाटी ने किया। जीएसआई का आयोजन साइना इवेंट्स द्वारा किया जाता है, जो कई वर्षों से परिधान और कपड़ा उद्योग के लिए व्यापार प्रदर्शनियों का आयोजन कर रही है और इस क्षेत्र में अपनी पहुंच और डोमेन को सफलतापूर्वक विकसित और विस्तारित किया है।

आयोजको में शामिल गगन मारवाह ने बताया कि यह जीएसआई का 8वां संस्करण है। इस शो की खासियत यह है कि खरीदार ऐसे आपूर्तिकर्ताओं को ढूंढ सकते हैं जिनके पास नवीनतम मांग और सीज़न के अनुसार छोटे, मध्यम और थोक ऑर्डर करने की क्षमता और लचीलापन है। इस शो में बेस्टसेलर, जैक एंड जोन्स, वेरो मोडा, शॉपर्स स्टॉप, रिलायंस रिटेल, वेस्टसाइड, वीमार्ट, वी2 रिटेल्स, जुडियो, डीमार्ट, लाइफस्टाइल, मैक्स और कई अन्य रिटेल चेन की सोर्सिंग टीमें आई हैं।



इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव बंसल ने बताया कि गारमेंट शो ऑफ इंडिया आपूर्तिकर्ताओं और खरीदारों के बीच अंतर को पाटने के लिए जाना जाता है। यह शो न केवल भारत के खुदरा और घरेलू बाजार में बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए भी प्रचुर व्यावसायिक अवसरों का स्रोत है क्योंकि ट्रिबर्ग, अस्मारा, पीडीएस, इंपल्स, एच एंड एम, ज़ारा जैसे कई क्रय कार्यालय अपनी सोर्सिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए इस शो में आते हैं।

इंडियन लेदर प्रोडक्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश गुलाटी ने बताया कि गारमेंट शो ऑफ इंडिया को यूपी सरकार द्वारा ओडीओपी योजना के तहत मान्यता प्राप्त है, जिसमें भाग लेने वाली कंपनियों को अपने परिधान व्यवसाय को बढ़ाने के लिए सब्सिडी का प्रावधान दिया गया है।

प्रदर्शनी के साथ-साथ नेटवर्किंग बढ़ाने के लिए परिधान और फैशन उद्योग के सभी हितधारकों को एक आम मंच पर लाने के लिए एक दिवसीय सम्मेलन परिधान फैशन फोरम का भी आयोजन किया गया है।

# कुख्यात गैंगस्टर ने पुलिस पर बरसाई गोलियां, हुआ लंगड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** वेस्ट यूपी के एक कुख्यात गैंगस्टर ने ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख पुलिस पर गोलियों की बौछार कर दी। जिसके बाद ग्रेटर नोएडा पुलिस ने जवाबी फायरिंग की और बदमाश को घायल करके लंगड़ा बना दिया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाश का लंबा चौड़ा अपराधिक रिकार्ड है और सहारनपुर, बुलंदशहर समेत वेस्ट यूपी के कई जनपदों के थानों में उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं।

नोएडा पुलिस कमिश्नरेट से मिली जानकारी के अनुसार थाना बिसरख पुलिस ग्रेटर नोएडा के खैरपुर गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी पर सवार एक युवक को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पीछा करने पर गोलचक्कर से एसीई सिटी के तरफ जाने वाले रास्ते से स्कूटी सवार ने पुलिस पर फायरिंग करना शुरू कर दिया, जिसके बाद बिसरख थाना पुलिस ने भी युवक पर फायरिंग की। पुलिस की गोली लगने से स्कूटी सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। घायलावस्था में ही युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में गिरफ्तार युवक वेस्ट यूपी का कुख्यात गैंगस्टर निकला।

गिरफ्तार बदमाश की पहचान (35 वर्षीय) ललित पुत्र प्रीतम निवासी ग्राम खिरवा जलालपुर थाना सरधना जिला मेरठ के रुप में हुई है। घायल बदमाश के कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर व 1 खोखा कारतूस व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं एक चोरी की स्कूटी बरामद की हुई है। पकड़ा गया बदमाश ललित नोएडा के थाना बादलपुर से धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा है। बरामद हुई स्कूटी उसने दिल्ली से चोरी की थी। जिसके संबंध में दिल्ली के एम.वी. थेफ्ट दिल्ली पुलिस स्टेशन पर रिपोर्ट दर्ज है।

# स्वागत में मुस्कुराते हुए नजर आएंगे पुलिसकर्मी

**नोएडा (गौतमबुद्धनगर) (चेतना मंच)।** नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने एक अनोखी योजना तैयार की है। इस योजना के तहत नोएडा (गौतमबुद्धनगर) के थानों का स्वरूप बदल जाएगा। योजना यह है कि नोएडा के किसी भी थाने में कोई भी नागरिक जाए तो थाने में बैठे हुए सिपाही पूरी सभ्यता के साथ मुस्कुराते हुए आंगतुक का स्वागत करते नजर आएं।



**बदल जायेगा पुलिस का चेहरा**

सबको पता है कि कोई भी व्यक्ति थाने में नहीं जाना चाहता। किसी न किसी मजबूरी में ही व्यक्ति थाने जाता है। थाने में जाने के बाद आमतौर पर अनुभव अच्छा नहीं होता है। पुलिस थानों में तैनात पुलिसकर्मियों की भाषा इतनी खराब होती है कि उसे कोई सज्जन व्यक्ति सुनना पसंद नहीं करता। अन्य स्थानों की तरह नोएडा शहर का भी लगभग यही हाल है। नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने पुलिस की इस नीति-नीति को बदलने का फैसला किया है। नोएडा (गौतमबुद्धनगर) जिले के थानों में तैनात पुलिस के मुंशी तथा डे व नाईट डयूटी पर तैनात रहने वाले दरोगाओं को खास प्रशिक्षण देकर उनका बातचीत करने का तरीका बदला जाएगा।

**क्या है पूरी योजना**

आपको बता दें कि नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह नोएडा पुलिस कमिश्नरी की व्यवस्था को लगातार चुस्त-दुरूस्त कर रही हैं। उन्हें कमिश्नरी क्षेत्र के अलग-अलग नागरिकों से शिकायत मिल रही थी कि थानों में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार अच्छा नहीं होता है। इन शिकायतों का समाधान करने के मकसद से नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने थानों में तैनात मुंशी (दिवान) तथा थानों पर दिन व रात के समय तैनात रहने वाले डे व नाईट अफसरों को व्यवहारगत ट्रेनिंग दिलाने का फैसला किया है। विशेषज्ञों के द्वारा सभी थानों के मुंशी व दरोगाओं को अपना व्यवहार बोली व भाषा सम्मानजनक रखने का खास प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम जल्द ही शुरू होने वाला है।

माना जा रहा है कि नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के इस नये प्रयोग से नोएडा पुलिस की शक्ल बदल जाएगी। नोएडा का कोई भी नागरिक जब थाने में जाएगा तो वहां तैनात पुलिसकर्मी थाने में आने वाले का मुस्कुराते हुए स्वागत करते नजर आएगा।

# 'भारतीय भाषा दिवस' का हुआ आयोजन

**दादरी (चेतना मंच)।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के उपकेंद्र हरीनगर दादरी स्थित अग्रसेन आदर्श इंटर कॉलेज में किया गया।




कार्यक्रम में मुख्यअतिथि तेजपाल नागर, विधायक दादरी रहे एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीता पंडित, अध्यक्षा नगर पालिका परिषद दादरी रहीं। संस्थान के निदेशक वीरेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र भेट कर स्वागत किया और कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्यतिथि ने भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम मे उपस्थित सभी को सम्बोधित किया और जन शिक्षण संस्थान गौतमबुद्धनगर द्वारा संचालित गतिविधियों की सराहना की एवं बधाई दी। विशिष्ट अतिथि ने अपने सम्बोधन में भारतीय भाषाओं के महत्व को बताया और कहा कि भारत एक विविध भाषाओं का देश है एवं संस्थान के सभी लाभार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता, स्पीच, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हैंडिक्राफ्ट उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गयी। प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरुस्कृत भी किया। संस्थान के निदेशक वीरेंद्र कुमार ने सभी को संस्थान द्वारा संचालित गतिविधियों को विस्तार से बताया एवं उपस्थित सभी का धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में श्याम वीर चौहान, संजय शर्मा, राजकुमार, श्रीमती मोली जैकब, दीपक कुमार, क्लर्क राधेश्याम, प्रिया पारचा, शिवानी एवं दादरी एवं बिसरख विकासखंड से सभी संसाधन व्यक्तियों एवं संस्थान के छात्र-छात्राओं 178 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# विख्यात प्रो.पीटर प्रोक्स को एमिटी की मानद उपाधि

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा फार्मास्युटिकल बायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी के विख्यात और जर्मन के डसेलडोर्फ विश्वविद्यालय के एक संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर पीटर प्रोक्स को उनके 70वें जन्मदिन के जश्न के दौरान ऑनलाइन मानद प्रोफेसरशिप से सम्मानित किया गया। प्रोफेसर पीटर प्रोक्स, 74 स्कोपस एच इंडेक्स और 25000 से अधिक साइटेशन के साथ एक प्रसिद्ध प्राकृतिक उत्पाद रसायनज्ञ है। उन्होंने डसेलडोर्फ विश्वविद्यालय में अपनी प्रयोगशाला में सैकड़ों प्राकृतिक उत्पादों, समुद्री प्राकृतिक उत्पाद रसायनज्ञों को प्रशिक्षित किया है और विश्व भर में मुख्य रूप से एशिया और अफ्रिका से बड़ी संख्या में शोधकर्ताओं ने उनके अधिक कार्य किया है।




मानद प्रोफेसरशिप को ग्रहण करते हुए प्रोफेसर पीटर प्रोक्स ने कहा कि एमिटी यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से मानद डॉक्टरेट प्राप्त करके मै बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मुझे इस क्षेत्र में अपने ज्ञान और अनुभव के माध्यम से एमिटी विश्वविद्यालय को अपना मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा कि मै फार्मास्युटिकल बायोलॉजी के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय संकाय के साथ मिलकर काम करना चाहता हूं।

समुद्री प्राकृतिक उत्पादों के लिए एमिटी सेंटर खोलने की घोषणा करते हुए एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. अशोक कुमार चौहान ने प्रो पीटर प्रोक्स को उनके 70वें जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनांए दी और फार्मास्युटिकल बायोलॉजी और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साथ मिलकर काम करने की बात कही। डा. चौहान ने कहा कि डा प्रोक्स के विशाल ज्ञान व समृद्ध अनुभव से इस विषय पर एमिटी के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओ द्वारा किये गये कार्य व्यापक शोध कार्य में बहुत योगदान देगा जिससे एमिटी को और अधिक उंचाईयों पर ले जाया जायेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि एमिटी विश्वविद्यालय फार्मास्युटिकल बायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र के बेहतरीन और विद्वान प्रोफेसर पीटर प्रोक्स से जुड़कर बेहद सम्मानित महूसस कर रहा है। उनका बहुमूल्य समर्थन और मार्गदर्शन एमिटी के उभरते वैज्ञानिक को प्रेरित करेगा और लक्ष्य हासिल करने में सहायक होगा।

